29.	तारांकित प्रश्न सं0 1959 के संदर्भ में श्री हरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से उप-मुख्य मन्त्री जी को बताना चाहता हूं कि (भूमि रहित एवं कमजोर वर्ग के लोगों की) इन प्लाट्स की एलाटमैंट से पहले भी कुछ वीकर सैक्शंज के लोगों को प्लाट अलाट किए गए थे। उनका आज तक कब्जा नहीं मिला है। मैं आपके द्वारा जानना चाहता हूं कि क्या सरकार उनका कब्जा दिलाने के बारे में कोई कार्यवाही करने जा रही है? इसके अलावा, करनाल जिले में स्टौंडी गांव है वहां कब्जा होने के बाद भी उनसे प्लाट्स छुड़ाए गए हैं। क्या सरकार उन्हें दुबारा से कब्जा दिलवाने के बारे में प्रयास कर रही है?"	"****हमारी सरकार आने के बाद प्लाट्स भी दिए गए। कब्जा अभी हम दे नहीं पाए हैं क्योंकि डिवैल्पमैंट के काम इन प्रोग्रेस हैं और इसी साल में अम्बाला और पंचकूला के डिवैल्पमैंट के काम पूरे कर लेंगे तो उन्हें कब्जा भी देंगे। Dropped 21.11.94	The work in the Housing Board Colony shall be completed by 31-10-92 and in the balance area it shall be completed by 15-11-92 and possession will be offered to plot holders. Regarding handing over the possession of plots to the Weaker Section in village Staundi in Distt. Karnal, it is intimated that there is no such scheme of HUDA in village Staundi in District Karnal, hence the question of handing over the possession of plots to Weaker Section in village Staundi does not arise. (24-11-92)	आश्वासन पैंडिंग रखा गया। (7-12-92)
		10-3-1992		
30.	श्री अमीर चन्द मक्कड़ द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 11 के उत्तर में— क्या राजस्व मंत्री कृपया बताएंगे कि— क) क्या हांसी में गांव ढाणा रामपुरा में महाराजा फरीदकोट से संबंधित भूमि के आबंटन के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है; तथा, ख) यदि ऐसा है, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई?	(क) ग्राम ढाणा-रामपुरा में भूतपूर्व महाराजा फरीदकोट की भूमि से संबंधित केवल एक शिकायत पत्र प्राप्त हुआ है** * * * इस शिकायत पत्र में कथित गांव की सरप्लस भूमि पर नाजायज तौर पर बैठे भाटों को उठाए जाने बारे उल्लेख है। (ख) ऊपर खंड (क) में वर्णित स्थिति को ध्यान में रखते हुए और सरप्लस भूमि का अलाटियों को मौके पर कब्जा दिलाते समय किसी प्रकार की हिंसा की संभावना को रोकने के लिए और मामले को स्थाई ढंग से निपटाने हेतु सभी संबंधित पक्षों एवं पार्टियों को विश्वास में लेकर सभी उचित कदम उठाए जाएंगे।	ग्राम ढाणा रामपुरा तहसील हांसी जिला हिसार में भूतपूर्व महाराजा हरिन्द्र सिंह फरीकोट का पुराने एक्ट दि पंजाब सिक्योरिटी आफ लैंड टैन्योरज एक्ट, 1953 के तहत रकबा सरपलस घोषित हुआ था। सरपलस रकबा तदादी 241 एकड़ जो (एफ) श्रेणी के 61 पात्र व्यक्तियों को अलाटमैंट कमेटी की उपस्थिति में दिनांक 9-1-89 को नियमानुसार अलाट	The Committee would like to know the latest position. (23-8-93)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3		5
			किया गया था जो सही है। उक्त 61 अलाटियों को मौका पर कब्जा दिलाने के लिए राजस्व अमला पुलिस बल सहित मौका पर पहुंच कर कब्जा कार्यवाही करते समय केवल 8 व्यक्तियों को ही कब्जा दिलाया गया था कि गांव रामपुरा के काफी व्यक्ति इकट्ठे होकर मौका पर आये और कब्जा कार्यवाही में बाधा डालनी शुरू कर दी और पथराव आदि व लाठियों से रूकावट डाली जिससे कब्जा कार्यवाही करते समय नुक्स अमन का भय था इस कारण कार्यवाही कब्जा बन्द करनी पड़ी । उपरोक्त अलाट किये गये रकबा की कार्यवाही बन्द होने के पश्चात इस भूमि पर ग्राम रामपुरा व ढाणा के लोगों तथा राजस्थान से आये भाटों ने नाजायज कब्जा किया हुआ है । इस सम्बन्ध में सभी सम्बधित व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 307 के अन्तर्गत केस दर्ज करवाया गया जो अब भी लम्बित है। इस केस का फैसला अदालत द्वारा होने के उपरान्त ही अलाटियों को कब्जा	

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			दिलाने के लिए हिंसा की संभावना को रोकने के लिए नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा कर कार्यवाही की जाएगी । (17–8–93)	
	13.7.92			
31.	श्री मनी राम केहरवाला द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 321– क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि– क) क्या यह सरकार के ध्यान में आया है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान गांव लाम्बी, तहसील डबवाली जिला सिरसा में कुछ कृषि भूमि को प्रचलित बाजार मूल्य से बहुत कम दर पर बेचा गया है तथा पंजीकृत विलेख का निष्पादन तदनुसार किया गया है; तथा ख) यदि ऐसा है तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई तथा उन पुराने मुजारों का क्या रहा जो उपरोक्त भूमि पर पिछले 60 वर्ष से काश्त कर रहे थे ? (13–7–92)	(क) तथा (ख) सरकार के ध्यान में यह लाया गया है कि ग्राम लाम्बी तहसील डबवाली में लगभग 148 एकड़ भूमि कुछ व्यक्तियों द्वारा मार्च से जून 1989 के दौरान खरीदी गई तथा मार्किट रेट से कम कीमत पर रजिस्टर करवाई गई । इन लेन देनों के परिणाम स्वरूप स्टाम्प शुल्क की कम अदायगी हुई । कमी की अनुमानित राशि एक लाख रुपये से अधिक बनती है । भारतीय स्टाम्प, अधिनियम, 1899 की धारा 47–ए के अधीन कम शुल्क की वसूली के लिए कार्यवाही की जा रही है ।		
32.	तारांकित प्रश्न संख्या 321 के संदर्भ में श्री बंसी लाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी ने बताया है कि चौधरी देवी लाल जी के परिवार ने मुजारों से नाजायज तौर पर जमीन ली है । आम तौर	"......अध्यक्ष महोदय, एक सवाल यह पूछा गया था कि चौधरी देवी लाल जी के परिवार के लोगों ने जो जमीन लाम्बी गांव में ली है उसके बारे में बताया जाए । मैं बताना चाहता हूं कि 84 एकड़ जमीन तो मुजारों की थी और 16 एकड़ जमीन दूसरे गरीब लोगों की थी । उस वक्त किस तरह का वातावरण		

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	पर हरिजन मुजारे होते हैं लेकिन बाकी भी छोटे-मोटे मुजारे हो सकते हैं। लीडर आफ दी आपोजीशन ने भी मुख्य मंत्री पर जमीन लेने का आरोप लगाया है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या मुख्य मंत्री जी इन दोनों डील के बारे में हाईकोर्ट के किसी सिटिंग जज से इन्क्वायरी करवाएंगे ?"	था आप सभी जानते हैं शुक्र है कुछ पैसे इन्होंने दे दिए। ये लोग उस समय धक्के से कब्जा करते थे 100 एकड़ जमीन इनके परिवार के आदमियों ने खरीदी और रिकार्ड भी यही कहता है जो इसमें छपा है उसको भी हमने देखा है। पहले ही काफी सरप्लस जमीन चौधरी देवी लाल जी के परिवार की निकलती थी और यह जो 100 एकड़ जमीन इन्होंने ली इसका डैक्लेरेशन अभी तक इन्होंने सरकार को नहीं दिया कि इतनी जमीन हमने और ले ली है और हमारी इतनी जमीन सरप्लस निकलती है। एक तो यह भी इन्होंने कानून की उल्लंघना की है दूसरे जब रजिस्ट्री करवाई जाती है तो इन्कम-टैक्स सर्टिफिकेट लेना पड़ता है, वह भी इसमें लिया गया या नहीं, यह देखने की बात है। सदस्यों को जो चिन्ता है उस को देखते हुए हम इस बारे में जांच करेंगे और जो सरप्लस जमीन निकलेगी उसको गरीब लोगों में बांटने की कोशिश करेंगे।		

13.7.92

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
33.	तारांकित प्रश्न संख्या 321 के संदर्भ में श्री मनी राम केहरवाला द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "स्पीकर साहब, मेरा सप्लीमैंटरी यह है कि (गांव लाम्बी तहसील डबवाली) जिस ने जो जमीन खरीदी थी, उसकी टोटल अलौटमैंट कितनी थी और जो 6-6 महीने के बच्चों के नाम जमीन लगाई गई, क्या उनका यूनिट बनता है ? इसके साथ ही मेरा दूसरा सप्लीमैंटरी यह है कि जिन हरिजनों को वहां से निकाला गया था, क्या उनको अदालत द्वारा वेदखल किया गया था या नहीं किया गया था ?"	अध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने अभी बताया कि जो जमीन ली गई, उसमें देवी लाल के परिवार के लोगों ने ली है। वह जमीन 100 एकड़ के करीब थी। उसकी हम पूरी जांच करवाएंगे और जो जमीन सरप्लस निकलेगी। उसको बाकायदा सरप्लस में निकालेंगे। अध्यक्ष महोदय, उसके लिए डिपार्टमैंट जांच कर रहा है, उसमें जिस हरिजन की जितनी भी जमीन निकलेगी, उसको हम देने की कोशिश करेंगे। जो हरिजन वहां से निकाले गए हैं, उनके बारे में भी हमने डिप्टी कमीश्नर और एस0 पी0 की जिम्मेदारी लगाई है कि उनके साथ बातचीत करें कि अव-	X	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		क्या पोजीशन है । उन्होंने अप्लाई किया है या नहीं किया है, उन्होंने दरख्वास्त दी है या नहीं दी है क्योंकि आप जानते हैं कि उस वक्त इतना भय था कि कोई भी गरीब आदमी बोल नहीं सकता था, कोई एप्लीकेशन नहीं दे सकता था । इस लिए अब हम उनसे पूछेंगे कि तुम्हारे साथ क्या क्या ज्यादतियां हुई हैं । अगर कोई भी ज्यादती की बात हमारे नोटिस में आई तो सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही करेगी । (शोर एवं व्यवधान)		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

INDUSTRIES DEPARTENT

Note : —In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		26-8-88		
34.	उपरोक्त तेल शोधक कारखाने (तेल शोधक कारखाना, करनाल) के कब तक स्थापित किए जाने तथा काम आरम्भ करने की संभावना संबंधी श्री रणजीत सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 601 का भाग (ख) F.O 2-8-94	यह परियोजना मई, 1692 तक पूरी होनी निर्धारित है। F.O 16-5-94	राज्य सरकार के प्रयत्नों से भारत सरकार ने 60 लाख टन वार्षिक क्षमता वाली आयल रिफाईनरी प्रोजैक्ट को ग्राम बहोली जिला पानीपत में कार्यान्वियन के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह परियोजना इण्डियन आयल कॉरपोरेशन (पब्लिक सैक्टर) द्वारा लगाई जा रही है। जैसा कि मुख्य सचिव जी की अध्यक्षता में दिनांक 12-11-92 को हुई मीटिंग में आई0 ओ0सी0 के अधिकारियों ने बतलाया है कि यह परियोजना 54 माह में कार्यान्वित हो जायेगी। मुख्य सचिव जी की अध्यक्षता में हाल ही में दिनांक 24-8-93 को हुई मीटिंग में विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई और इस परियोजना पर कार्य निर्धारित समय के अनुसार सन्तोष जनक चल रहा है। (3-11 93)	
		13-3-1991		
35.	श्री अनिल कुमार विज द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 1320 का भाग (क) तथा (ख)— 2-8-94	F.O 16-5-94	(क) जी हां भारत सरकार ने हरियाणा राज्य में दो औद्योगिक	The Committee decided to know the latest position. (6-12-93)

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	(क) क्या राज्य में औद्योगिक विकास केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है तो उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां पर उपरोक्त केन्द्र स्थापित किए जाने की सम्भावना है।	(क) जी हां	विकास केन्द्र स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें से एक औद्योगिक विकास केन्द्र बावल जिला रिवाड़ी तथा दूसरा जिला अम्बाला में स्थापित किया जा रहा है। (ख) भारत सरकार ने बावल जिला रिवाड़ी में हैं औद्योगिक विकास केन्द्र स्थापित करने हेतु अनुमति प्रदान कर दी थी और वर्ष 1991–92 तथा 1992–93 में इस केन्द्र के लिये भारत सरकार व राज्य सरकार ने 278.25 लाख रुपये की राशि रिलीज कर दी थी। इस विकास केन्द्र के लिये लगभग 8723 कनाल 7 मरले भूमि अर्जित करने का कार्य प्रगति पर है। (2) जहां तक औद्योगिक विकास केन्द्र जुलाना जिला जीन्द को बदल कर जिला अम्बाला में स्थापित करने का सम्बन्ध है यह इसलिये उचित था कि जुलाना जिला	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			जीन्द में उद्योग लगाने हेतु पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं थी। इसलिये औद्योगिकरण को ध्यान में रखते हुये राज्य सरकार ने जुलाना की बजाये जिला अम्बाला में विकास केन्द्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। (3) भारत सरकार ने अपने पत्र दिनांक 16-7-93 द्वारा इस विकास केन्द्र को अम्बाला में स्थापित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम इस केन्द्र की प्रौजैक्ट रिपोर्ट बनवा रहा है भारत सरकार इस रिपोर्ट को पारित करने के उपरान्त राशि रिलीज करेगी (3-11-93)	
36.	"दि हरियाणा रेगुलेशन एंड कंट्रोल आफ क्रेशर्ज बिल, 1991" के संदर्भ में चौ0 अजमत खान द्वारा दिया गया सुझाव : स्पीकर साहब, इन क्रेशरों की धूल से टी. बी. और अन्य प्रकार की बीमारीयां मजदूरों और आस पास के रहने वाले लोगों में होती हैं, साथ ही इनकी धूल से एक कि.	20-12-91 *****स्पीकर साहब, इन्होंने जो फसल की बात कही है, वह बिल्कुल सही है और सरकार इस तरफ भी ध्यान देगी।	पर्यावरण विभाग, हरियाणा सरकार की अधिसूचना दिनांक 9-6-1992 जो कि हरियाणा सरकार के गजट (असाधारण) दिनांक 9-6-1992	कमेटी इस बारे लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है कि कितने क्रैशर हटा दिए है और बाकी जो बचते हैं उनको हटाने के लिए क्या कदम उठाए

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	मी. तक किसान की फसल को भी नुकसान होता है। इसलिए मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि जहां तक भी ये क्रेशर लगाए जाएं, वहां पर किसान की फसल को ध्यान में रखें और अगर क्रैशर की गर्द से किसान की खेती पर प्रभाव पड़ता है तो या तो किसान की खेती का बीमा करवाया जाए या उसको मुआवजा दिया जाए।"		प्रकाशित हुई अनुसार स्टोन क्रेशरज के लिए अलग-अलग सीमायें निर्धारित की गई। इस अधिसूचना की तिथि के छः माह पश्चात में किसी भी स्टोन क्रेशर जो कि राष्ट्रीय राज मार्ग से डेढ़ किलो मीटर राजकीय राजमार्ग से एक किलोमीटर, गांव की आबादी से एक किलोमीटर एवं पर्यटन केन्द्र से डेढ़ किलोमीटर के अन्दर-अन्दर लगा होगा, को चलने की अनुमति नहीं दी जायेगी जिला गुड़गांव, महेन्द्र-गढ़, भिवानी तथा यमुनानगर के 78 स्टोन क्रेशरज जिन्होंने विभाग से लाईसैंस नहीं लिया था तथा वह उपरोक्त/दूरियां पूरी नहीं करते थे की बिजली काटने के लिये राज्य बिजली बोर्ड को दिनांक 28-5-1993 को आग्रह किया गया है। यह टिप्पणी भेजते समय तक इन में से बहुत से स्टोन क्रेशरज की बिजली कट भी गई है। इस तरह से भविष्य मे स्टोन क्रेशरज किसानों की फसलों से दूर लगाये जायेंगें जिससे फसल को नुकसान होने का अन्देशा नहीं होगा। (30-6-93)	जा रहे है। (19-7-93)

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

TRANSPORT DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does no relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		11-3-1991		
37.	श्री मनी राम द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 1357—क्या कालांवाली मंडी में बस स्टैंड के निर्माण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ?	जी हां।	भूमि का चयन किया जा रहा है। (18-12-92)	समिति इस बारे में लैटेट पोजीशन जानना चाहती है (16-2-93)
		20-12-1991		
38.	वर्ष 1987 से 1991 तक के दौरान हरियाणा राज्य परिवहन के प्रत्येक डिपो में दैनिक मजदूरी तथा तदर्थ आधार पर की गई नियुक्तियों संबंधी श्री छत्तर सिंह चौहान द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 110.	इसलिए, यह निवेदन है कि इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए एक महीने की अवधि बढ़ाई जाए।		
		13-3-1992		
39.	तारांकित प्रश्न सं0 223 के संदर्भ में चौधरी अजमत खां द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मैं मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि बस स्टैन्ड बनाने का क्राईटेरिया क्या है; तहसील हैडक्वार्टर है, ब्लाक लेबल पर है या सिर्फ सड़कों को देखते हैं। मेरे हल्के का हथीन कस्बा चारों तरफ से सड़कों से घिरा हुआ है और वहां बस स्टैन्ड के लिए जमीन भी ऐक्वायर की हुई है तो क्या मन्त्री महोदय, बतायेंगे कि यह कब तक बन जाएगा ?"	स्पीकर साहब, यह क्राईटेरिया मैंने पहले ही बता दिया है और हम इनकी मांग पर विचार करेंगे।		
		24-3-1992		
40.	तारांकित प्रश्न सं0 225 के संदर्भ में चौधरी अजमत खां द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "***स्पीकर साहब, जैसे इन्होंने बताया था कि पिछले साल 1991-92 में 137 नई बसें डाली जा चुकी हैं। अगर इस तरह से हर साल इतनी ही बसें डाली जाती रहीं, तो पिछला बैक-	"***अध्यक्ष महोदय, जहां तक बसों को रिप्लेस करने का सवाल है, यह तो हम रिप्लेस करेंगे ही लेकिन इसके साथ-साथ हम यह भी ध्यान रखेंगे कि हर साल बसों में बढ़ौतरी की जाए इस वर्ष हमने 137 बसों की बढ़ौतरी की है और इसी तरह से अगले साल भी की जाएगी और हमारी यह कोशिश होगी कि ज्यादा से ज्यादा नई बसिज रूट्स पर चलाई जाएं। हमारी		

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	लाग पूरा होने में लगभग 5 साल का वक्फा लग जाएगा। सरकार को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि पांच सालों के अन्दर आबादी भी बहुत ज्यादा हो जाएगी। इसलिए मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह कहना चाहता हूं कि बढ़ती हुई आबादी को ध्यान में रखते हुए सरकार क्या पग उठाएगी ताकि लोगों को बसें कम पड़ने पर असुविधा न हो सके ?”	यह भी कोशिश होगी कि जो रूट्स बसों की कमी के कारण बंद हो गए थे, उनको सबसे पहले चालू किया जाए इसलिए मेरी इस सदन के सभी सदस्यों से यह रिक्वस्ट है कि जहां-जहां भी वे बसें चलाने की आवश्यक्ता समझते हों, उस बारे में हमें लिखित रूप से भेजें। हम पूरी कोशिश करेंगे कि अगर वहां वायबल होगा तो उनकी रिक्वैस्ट के अनुसार बसों को चलाया जाएगा नहीं तो उन्हें पूरी तरह से सही जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।” 25–3–1992		
41.	तारांकित प्रश्न सं0 122 के संदर्भ में प्रो0 राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—— “स्पीकर साहब, महेन्द्रगढ़ का जो बस अड्डा है उसका काम बीच में ही रुक गया था तो मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या ये उस बस स्टैंड को प्राथमिकता के आधार पर कम्पलीट कराएंगे ?”	*** हम कोशिश करेंगे कि अगले वित्त वर्ष में महेन्द्रगढ़ के बस स्टैंड के निर्माण का काम कम्पलीट करके जनता को सौंप दिया जाए। 22–12–1992	17-8-94	
42.	श्री राम भजन अग्रवाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 342 : क्या परिवहन राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—— (क) क्या पुरानी बसों को नई बसों द्वारा बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो उनकी संख्या कितनी है; तथा (ख) क्या चालू वित्त वर्ष के दौरान नई बसें खरीदने का सरकार का विचार है; यदि ऐसा है, तो उन की संख्या कितनी है ?	(क) जी हां, वर्ष 1992–93 के दौरान 521 बसों के बदलने का प्रस्ताव है। (ख) वर्ष 1992–93 के दौरान कुल 636 नई बसें खरीदने का प्रस्ताव है, जिनमें बदली जाने वाली 521 पुरानी बसें भी शामिल हैं।	17-8-93	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		22-12-1992		
43.	तारांकित प्रश्न संख्या 342 के संदर्भ में श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहती हू कि दादरी डिपू में कितनी बसिज के शीशे, खिड़कियां टूटे हुए हैं और कितनी बसें रोजाना ब्रेक डाउन हो रही हैं ? आमतौर पर हम देखते हैं कि लोहारु और दादरी के बीच में बसें ब्रेक डाउन मिलती हैं । इसके साथ ही साथ कृपया यह भी बता दें कि कितनी बसें टायर न होने की वजह से चल नहीं पा रहीं ?"	******इस साल डिपो में रिप्लेसमैंट के लिए 14 बसें दी जानी हैं । ये ऐसी बसें हैं जिनकी एवरेज 8 साल हो चुकी होगी और 6 लाख किलोमीटर चल चुकी होंगी । इन 14 बसों में से 8 हमने भेज दी हैं, बाकी की बसें दिसम्बर के एन्ड में या जनवरी, 15 तक भेज दी जाएंगी । ****** ।	17-8-94	
		22-12-1992		
44.	तारांकित प्रश्न संख्या 342 के संदर्भ में श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा है कि 521 बसें रिप्लेस करेंगे और 636 नई बसें खरीदेंगे । साथ ही मुख्यमन्त्री जी ने अभी कहा कि वे बेरोजगारों को छोटे-छोटे रूट्स पर प्राईवेट बसें चलाने का लाईसेंस देंगे । जब ये प्राईवेट बसों के लाईसेंस दे रहे हैं और साथ ही ये 636 बसें नई खरीदने जा रहे हैं । इसमें से 521 बसें रिप्लेस वाली हैं तो यह जो बाकी 115 नई बसें खरीदी जा रही हैं, वह क्यों खरीदी जा रही हैं ।"	* * * * * * * * अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार का वायदा है कि हमने लोगों को सुविधाएं देनी है । हम यह मानते हैं कि कई रूटस ऐसे हैं जहां लोगों को दो-दो घंटे खड़े होना पड़ता है । हम रूटस को स्ट्रैंथन करेंगे और छोटे छोटे रूटस से लोगों को उठाएंगे । हरियाणा में लोगों को दिक्कत नहीं होगी यह मैं आश्वासन देता हू ।	Dropped 21-9-94	
		23-12-1992		
45.	श्री राम कुमार कटवाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 350 के संदर्भ में—"क्या परिवहन राज्य मंत्री कृपया	जी हां, बस स्टैंड बनाने के लिए भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है । लोक निर्माण विभाग (भवन तथा सड़कें)	Dropped 21-9-94	

क्र0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	बताएंगे कि क्या राजौंद में एक बस स्टैण्ड के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है, यदि ऐसा है, तो उक्त बस स्टैण्ड का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?"	द्वारा बस स्टैण्ड बनाने के लिए अनुमान तैयार किया जा रहा है। फण्डज की उपलब्धी अनुसार कार्य किया जायेगा।		

23-12-1992

46.	तारांकित प्रश्न संख्या 350 के संदर्भ में श्री रामरतन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न-- "अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि मुख्य मंत्री जी ने मेरे हल्के हसनपुर में बस-स्टैंड बनवाने का जो आश्वासन दिया था, वह कब तक पूरा हो जाएगा ?	हसनपुर में जमीन ऐक्वायरैन्स की कोई कार्यवाही शुरु नहीं हुई है फिर भी मुख्य मंत्री जी ने आश्वासन दिया है तो हमें उसे पूरा करना है, व कार्यवाही हम पूरी करेंगे।		F.O. 21-9-94

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

IRRIGATION DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	3	3	4	4
		15-3-1988		
47.	श्री किशन सिंह सांगवान द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न सं0 41— (क) क्या सिंचाई तथा बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि निम्नलिखित पांच पुल जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, जिसके कारण हरियाणा राज्य परिवहन उन पर अपनी बसें नहीं चला रहा है : 1. भालोट उप शाखा पर हाई लेवल पुल जसिया रिठाल सड़क क्रासिंग पर। 2. भालोट उप शाखा पर हाई लेवल पुल कंसाला-सरगथल सड़क-क्रासिंग पर। 3. भालोट उप शाखा पर हाई लेवल पुल खानपुर-मोई सड़क क्रासिंग पर। 4. खानपुर रजवाहा पर हाई लेवल पुल गोहाना बड़ौदा जुलाना सड़क क्रासिंग पर। 5. भिवानी उप शाखा पर हाई लेवल पुल गोहाना बड़ौदा सड़क क्रासिंग पर। (ख) यदि ऐसा है, तो उपरोक्त पुलों की मुरम्मत कराने के लिए यदि कोई पग उठाए गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं, तो क्या ?	(क) हां। (ख) मामला विचाराधीन है।	भालोट उप शाखा— जो तीन पुल हैं, वह जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। इन पुलों को बदलने के लिए बी एण्ड आर विभाग के साथ मुख्यालय स्तर पर हुई मीटिंग में निर्धारित शड्यूल के अनुसार काम आरम्भ किया गया था। इन पुलों को सिंचाई विभाग तथा बी. एन्ड आर. विभाग के बीच 50 : 50 के अनुपात में हिस्से के आधार पर बदला जाना था मीटिंग में बी एन्ड आर विभाग ने प्रत्येक काम की मुरम्मत पर सिंचाई विभाग को दो लाख रुपये देने का वायदा किया था। वर्तमान सलैब को तोड़ने का कार्य मौके पर कर दिया गया था तथा बाद में आगे होने वाले कार्य का भी बी एंड आर से धन उपलब्ध न होने के कारण निलम्बित कर दिया गया । धन उपलब्ध कराने के लिए बी एंड आर से भरसक प्रयत्न किया जा रहा है । धन उपलब्ध होते ही इन पुलों पर कार्य शीघ्र शुरु कर दिए जाने की संभावना है। काहनौर शाखा पर तथा भिवानी उप शाखा पर जो दो पुल हैं उन पर अभी कार्य शुरु नहीं किया गया	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है। (2-11-93)

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			है इन पुलों के निर्माण मुरम्मत का कार्य 50:50 के आधार पर सिंचाई विभाग व बी. एंड आर. विभाग द्वारा वहन किया जाना है धन उपलब्ध होने पर इन पुलों पर कार्य शुरू कर दिये जाने की संभावना है। (22-10-93)	
		29-3-1988.		
48.	रणजीत सिंह द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 415— (क) क्या यह तथ्य है कि जिला सिरसा के रोड़ी निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित गांवों अर्थात् सुरित, रोड़ी फाग्गु, मलेड़ी, भनवा, थिराज, दादू, देसू, झोरड़ रोही पंजवाला जीडी तथा रोहन की भूमि निरंतर सेम के कारण कृषि के अयोग्य तथा अनउपजाऊ हो गई है जिसके परिणामस्वरूप इन गांवों के किसानों को आर्थिक रूप से हानि हुई है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो उक्त गांवों तथा उस क्षेत्र के अन्य गांवों में सेम को रोकने के लिए यदि कोई पग उठाए जाने प्रस्तावित हैं, तो क्या ?	(क) जी हां, तथा (ख) घग्गर नदी में बाढ़ के पानी को डालने के लिए रोड़ी, घग्गर ड्रेन की एक स्कीम मूलतः अनुमोदित की गई थी। यह स्कीम संशोधित की जा चुकी है। अब इस क्षेत्र में गहरी ड्रेन खोदने तथा पम्प द्वारा पास की सिंचाई चैनलों में उप सतह/बाढ़ के पानी को डालने का प्रस्ताव है।	हरियाणा राज्य बाढ़ नियन्त्रण बोर्ड द्वारा अपनी बैठक 4-12-90 को हुई 22वीं बैठक में 263.31 लाख रुपए की स्कीम स्वीकृत की गई थी। 227-37 लाख रुपए का परियोजना अनुमान इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 10-12.93/ड्रेनेज दिनांक 27.12.91 द्वारा सरकार को पहले ही स्वीकृति हेतु भेजा जा चुका है धन की कमी के कारण निर्माण कार्य आरम्भ नहीं किया जा सका है। सरकार ने अब इस स्कीम के लिए शीर्ष 2245 आर एन सी से धनराशि जुटाने का निर्णय लिया है। सिंचाई विभाग द्वारा इस ड्रेन के अधीन जमीन की अदायगी के लिए धनराशि देने हेतु [illegible] लाख रुपए की मांग	समिति इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है। (19-10-93)

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			पहले ही सरकार को भेजी जा चुकी है। इस ड्रेन की कुल लम्बाई अनुसार जमीन के कागजात पहले ही तैयार किए जा चुके हैं और इनकी स्वीकृति अग्रिम स्टेज पर है। वर्ष 1993-94 के दौरान धनराशि के उपलब्ध होने पर इस कार्य को आरम्भ किया जायेगा। 27–9–93	
		12–9–1989		
49.	चौधरी सतबीर सिंह कादियान द्वारा पूछा गया अतारांकित प्रश्न संख्या 151— क्या नोलथा निर्वाचन क्षेत्र में 1–आर माइनर को पक्का करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; यदि ऐसा है, तो उक्त माइनर को पक्का करने का कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?	हां, इसराना वितिका से निकलने वाली 1–आर माईनर को पक्का करने की योजना को नहरों के आधुनिकीकरण की परियोजना (फेज–11) में शामिल किया जा रहा है। उक्त माइनर को पूर्णतया पक्का किए जाने की तिथि बारे कहना सम्भव नहीं है क्योंकि यह धन की उपलब्धता पर निर्भर करता है। F.O 12-8-94	1–आर माईनर को पक्का करने का कार्य प्रगति पर है और 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य को जून, 1993 तक पूर्ण करने का प्रोग्राम है। (22-10-93)	(कमेटी इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है। 2–11–93
		17–1–1990		
50.	तारांकित प्रश्न संख्या 1018 के संदर्भ में श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— * मैं आपके द्वारा मन्त्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या इस काम को फेज्ड प्रोग्राम (रिवाड़ी और महेन्द्रगढ़ में बाकी के पम्प हाऊसों को चलाने के लिये) में पूरा करने के लिये पैसे का प्रोवीजन रखा गया है कि किस-किस साल में कितना कितना धन उपलब्ध होगा?”	स्पीकर साहब, प्लान की मंजूरी के लिए आदरणीय मुख्य मन्त्री जी (19–2–90) को देहली जा रहे हैं और इस बारे में जो भी बात होगी वह मैं अगले आने वाले मार्च सैशन में बता दूंगा। F.O 12-8-94	जे0एल0एन0 परियोजना के लिए चालू वित्तीय वर्ष में धन का कोई प्रावधान नहीं है। जे0एल0एन0 परियोजना के शेष रहे कार्यों को पूरा करने हेतु आवश्यक धन उपलब्ध कराने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। अपेक्षित धन की उपलब्धि पर आवश्यक एवं प्राथमिकता	कमेटी इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (2-11-93)

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			वाले कार्यों को पूर्ण किए जायेंगे। 19-10-93.	
		17-1-1990		
51.	श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1010 का भाग (क) तथा (ख)— (क) एस0वाई0एल0 नहर के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है; तथा (ख) इस के कब तक पूरा होने की संभावना है ?	परियोजना अधिकारियों ने यह सूचित किया है कि यह नहर वर्ष 1990 के अन्त तक पूरी कर ली जायेगी। फिर भी, राज्य सरकार 30-6-90 तक इसे पूरा करने के लिए दबाव डाल रही है। F.O 12-8-94	(क) एस. वाई. एल. नहर पर 30 जून 1990 तक 93.26 प्रतिशत मिट्टी का कार्य और 93.41 प्रतिशत लाईनिंग कार्य पूर्ण हो चुका था इस नहर पर 128 पक्के वर्क्स में से 111 वर्क्स पूर्ण हो गये हैं परन्तु इस नहर पर पंजाब के मुख्य अभियन्ता के मारे जाने के उपरान्त निर्माण कार्य रुका हुआ है। (ख) प्रोजेक्ट अथारिटीज के अनुसार नहर कार्य पूर्ण करने का संशोधित शिड्यूल जनवरी, 1991 था। परन्तु कार्य बन्द होने से उक्त शड्यूल पूर्ण नहीं हो सका। (15-9-93)	समिति इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है। (19-10-93)
		17-1-1990		
52.	तारांकित प्रश्न संख्या 1010 के संदर्भ में श्री राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— F.O 12-8-94	"..वह कमेटी 28-1-90 को मौके पर आ रही है। सी0डब्ल्यू0सी0 के एक मैम्बर, उस कमेटी के चेयरमैन होंगे। सी0 डब्ल्यू0सी0 के चीफ इन्जीनियर साथ	एस0 वाई0 एल0 नहर का कार्य पूर्ण कराने के लिए हरियाणा राज्य में समय समय पर भारत	समिति इस बारे में ताजा स्थिति जानना चहती है। (19-10-93)

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	"...हम सभी चाहते हैं कि एस0 वाई0एल0 नहर जल्दी से बन कर तैयार हो ताकि हरियाणा की धरती की प्यास बुझ सके। इस बारे में हमारी सरकार के पास ऐसे कौन-कौन से कंकरीट सुझाव हैं जो केन्द्र की हमारी अपनी सरकार को देने जा रहे हैं और कितना पैसा मांग रहे हैं ताकि यह नहर जल्द से जल्द कम्पलीट हो सके?"	आयेंगे और पंजाब तथा हरियाणा के इंजीनियर भी साथ होंगे। वे देखेंगे कि इस काम में स्लीपेज न हो, वे इस बात को टैकनीकल तौर पर भी देखेंगे। जो रिपोर्ट आयेगी, उसकी जानकारी और मुख्य मन्त्री जो प्रधान मन्त्री जी से मिल कर आयेंगे, उसका विवरण अगले सैशन में दे दिया जाएगा। लेकिन जो सुझाव हम इस मामले में केन्द्र की सरकार को देने जा रहे हैं, उसकी जानकारी देना इस समय स्टेट के इंट्रेस्ट में नहीं है।"	सरकार के स्तर पर तथा पंजाब सरकार के साथ मामला उठाया है। इस के लिये भारत सरकार के स्तर पर होई मीटिंगों में हरियाणा ने काफी दबाव भी डाला है—मुख्य मंत्री महोदय, हरियाणा ने इस नहर के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु प्रधान मंत्री भारत सरकार को लगातार लिख रहे हैं तथा इस बारे में भारत सरकार से उच्च स्तर पर बैठकें भी हो रही हैं। (15-9-93)	
		17-1-1990		
53.	तारांकित प्रश्न संख्या 1010 के संदभ में श्री हीरा नन्द आर्य द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—— "स्पीकर साहब पंजाब में जो एस0वाई0 एल0 नहर का निर्माण कार्य हो रहा है, उस का सारा खर्च केन्द्रीय सरकार वहन कर रही है क्या हमारी सरकार ने केन्द्रीय सरकार से इस बारे में अर्ज की कि हमारे हरियाणा में बनी नहर का खर्चा भी वह वहन करे? अगर नहीं की है तो क्या हमारी सरकार यह सवाल उनके सामने रखेगी कि हरियाणा में जो एस0वाई0 एल0 का हिस्सा बन चुका है और उसमें पानी न आने की वजह से जो रख रखाव के लिए खर्च हो रहा है, उसको वह वहन करे? क्या इस बारे में ये भी केन्द्रीय सरकार को ऐप्रोच करेंगे?"	स्पीकर सर, तीन तारीख की मीटिंग में मैंने वाटर रिसोर्सिज मिनिस्टर से इस बारे में मांग की थी कि हरियाणा टैरीटरी में एस0 वाई0एल0 पोर्शन के बनाने पर जो 30 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं उनको भी सैंटर सरकार हमें दे। उन्होंने हमें इस बात को ऐग्जामिन करने की अश्योरेंस दी है।	हरियाणा में बनी, एस0 वाई0एल0 नहर पर हुए खर्चे के संबंध में प्रधान मंत्री ने दिनांक 16-12-86 को निर्णय लिया कि इस नहर का सारा खर्चा केन्द्रीय सरकार वहन करेगी। इसके मुताबिक पंजाब व हरियाणा, राज्यों में जो खर्चा पहले भी इस नहर पर किया गया है, वह भी वापिस किये जाने का आश्वासन था। राज्य सरकार ने नवम्बर 90 में ये मामला केन्द्रीय सरकार से उठाया हुआ था कि जो खर्चा एस0 वाई0 एल0 नहर पर हरियाणा भाग में हुआ है, उसकी प्रतिपूर्ति की जाये और	कमेटी इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (19-10-93)

क्रम क्रसं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			जो राशि हरियाणा राज्य में परियोजना प्रावधानों के अनुसार इस नहर पर और खर्चा करना है, उसको भी प्रतिपूर्ति की जाये । अब केन्द्रीय सरकार ने निर्णय लिया है कि सतलुज लिंक नहर (पंजाब भाग के निर्माण की लागत का केन्द्र द्वारा वहन करने का फैसला विशेष स्थिति में लिया गया था । इसलिये यह निर्णय न तो आनन्दपुर साहिब विद्युत नहर पर ही लागू होगा और न ही हरियाणा में बनी नहर पर नवीन स्थिति के तहत केन्द्रीय सरकार हरियाणा में बनी एस0वाई0एल0 नहर पर खर्च की गई राशि की प्रतिपूर्ति नहीं करेगी । (15-9-93)	
		12-3-1990		
54.	तारांकित प्रश्न संख्या 1065 के संदर्भ में श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—— "अध्यक्ष महोदय, इस नहर (आगरा कैनाल के नियन्त्रण) के बारे में यह वार्तालाप आगे ही बढ़ता रहा है । पिछले सैशन में भी सिंचाई तथा बिजली मन्त्री द्वारा आश्वासन दिया गया था कि इस वार्तालाप को जल्दी ही पूरा कर लेंगे । क्या अब यह संभव होगा कि इस वार्तालाप को जल्दी ही पूरा कर लिया जाए ? क्या कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी जिससे फरीदाबाद ज़िले के लोगों को पानी मिल सके ?"	इसके लिए पूरी कोशिश की जाएगी । वैकल्पिक प्रस्ताव यह विचाराधीन है कि जो वहां के किसानों से पानी के ज्यादा चार्जिज लिए जा रहे हैं उनको उस दर में कम्पनसेशन दिया जाये ।	हरियाणा के क्षेत्र को सिंचाई करने वाली आगरा कैनाल का नियन्त्रण तबदील करने के] लिए अन्तर्राज्य स्तर पर कई बार बहस हो चुकी है और बैठकें हो चुकी हैं । यमुना के पानी के बंटवारे से संबंधित हुई अन्तर्राज्य बैठक के दौरान 17-12-92 को इस मुद्दे पर मुख्य मन्त्री सिंचाई, विद्युत एवं कृषि मन्त्री, हरियाणा ने बातचीत की थी । उन्होंने	समिति इस आश्वासन के बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है (19-7-93)

F.O 16/5/94

F.O 12-8-94

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			केन्द्रीय मंत्री/जल संसाधन पर हरियाणा का क्षेत्र सिंचित करने वाली आगरा कैनाल प्रणाली का प्रशासनिक नियन्त्रण हरियाणा को देने बारे दबाव डाला और केन्द्रीय मन्त्री इस विषय का निपटान करने के लिए एक बैठक करने के लिए मान गए थे । (1-7-93)	
		14-3-1990		
55.	कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 1056 के भाग (ख) के उत्तर में—क्या सिंचाई तथा बिजली मन्त्री कृपया बताएंगे—कि टोहाना निर्वाचन क्षेत्र में—माइनर के कब तक मुरम्मत किए जाने की संभावना है ?	इन्दाछुई माइनर का निर्माण कार्य फतेहाबाद वितिका की रिमाडलिंग और पक्का करने के कार्य से जुड़ा है जिसके पूरा होने उपरान्त ही शुरू किया जाएगा । निर्माण कार्य का पूरा होने का समय धन की उपलब्धि पर निर्भर है।	हरियाणा में बनी हुई नहरों के नवीनीकरण फेस-3 का परियोजना अनुमान विश्व बैंक द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया और इसके स्थान पर वाटर रिसोर्सिज कन्सोलिडेशन प्रोजैक्ट पर 2 वर्ष में रिपोर्ट तैयार करके भेजने को कहा है । इन्दाछुई माइनर और ऐसी नहरों की योजनाओं का प्रावधान इस प्रोजैक्ट के तहत, जो कि बनाई जा रही है, में किया जायेगा । (11-12-1992)	समिति इस बारे में लैटेस्ट पोजिशन जानना चाहती है। (19-1-93)
		14-3-1990		
56.	तारांकित प्रश्न संख्या 1056 के संदर्भ में में कामरेड हरपाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, यह माइनर (इन्दाछुई माइनर) 1987 में मंजूर हुई थी लेकिन वह अभी तक पूरी नहीं हुई है । मैं यह पूछना चाहता हूं कि धन लगाने का क्या क्राईटेरिया है कौन से एरिया को फर्स्ट प्रायरिटी देकर चूज किया जाता है ?"	स्पीकर साहब, यह माइनर फतेहाबाद डिस्ट्रिब्यूटरी से निकलती है और इसका काम तकरीबन कम्पलीट हो चुका है । 1-4-1990 तक काम पूरा कम्पलीट हो जाएगा । इस समय मामूली सा काम रहता है।	हरियाणा में बनी हुई नहरों के नवीनीकरण फेस-3 का परियोजना अनुमान विश्व बैंक द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया और इसके स्थान पर वाटर रिसोर्सिज कन्सोलिडेशन प्रोजैक्ट पर 2 वर्ष में रिपोर्ट तैयार	समिति इस बारे में लैटेस्ट पोजिशन जानना चाहती है। (19-1-93)

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			करके भेजने को कहा है। इन्दाछुई माइनर और ऐसी नहरों की योजनाओं का प्रावधान इस प्रोजैक्ट के तहत, जोकि बनाई जा रही है, में किया जायेगा। (11-12-1992)	
		4-3-1991		
57.	तारांकित प्रश्न सं0 1230 पर श्री रण सिंह मान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "...ये प्रोमिस कर रहे हैं कि एस0 वाई0एल0 के लिए 1991–92 में पांच करोड़ रुपए रख रहे हैं। उसके बाद कहीं यह कंडीशन तो नहीं लगा देंगे कि धन उपलब्ध नहीं है?"	स्पीकर साहब, मैंने एस0वाई0एल0 के लिए नहीं बल्कि जे0एल0एन0 के लिए कहा था। पिछले दिनों इन लोगों के पता नहीं क्या डिफरेंसिज़ थे, इस वजह से यह काम (बलाली माईनर और चांग रोड माइनर की लाइनिंग का कार्य) नहीं हो पाया लेकिन हम इस काम को अवश्य करवाएंगे।	चांग रोड माईनर का निर्माण कार्य जनवरी 1987 में शुरू हुआ था परन्तु पिछले सालों में धन की कमी के कारण इसका कार्य पूरा नहीं हो सका। अभी तक इसकी खुदाई का कार्य 75 प्रतिशत हो चुका है। चांग रोड माईनर पर 3-पुल बनाये जाने बाकी है। इसके निर्माण कार्य पर अनुमानित लागत 14.63 लाख रुपये है। आवश्यक धन उपलब्ध हो गया तो इसका निर्माण कार्य मार्च 1994 तक पूरा कर लेने की संभावना है। यद्यपि बलाली माईनर के भूमि के मुआवजे की अनुमानित लागत 16.00 लाख रुपये है। अ0ई0 लोहारू नहर परिमण्डल भिवानी ने सूचित किया है कि बलाली सब माईनर का कार्य हर तरह से पूरा हो चुका है। केवल हैड रेगुलेटर का निर्माण कार्य शेष एवं कि0 मी0 4.500 से 6. 6.000 पर मिट्टी तथा	The Committee would like to know the latest position. (29-12-93)

Dropped 31-8-94

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			लाईनिंग का कार्य भूमि का मुआवजा अदा न होने के कारण शेष है और निर्माण कार्य पर न्यायालय ने रोक लगा दी है। इस स्कीम पर अब तक 20.05 लाख रुपये खर्च किये जा चुके हैं। (7-12-93)	
58.	कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 236 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या रिवाड़ी शहर और रामगढ़ भगवानपुर गांव के बीच एक पुल के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त पुल का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?	4-3-1991 (क) जी हां। (ख) इस पुल का निर्माण वर्ष 1991-92 में कर दिया जायेगा।	प्रस्तावित पुल पर लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है शेष कार्य धन के अभाव के कारण पूरा नहीं किया जा सका क्योंकि चालू वित्तीय वर्ष 1993-94 में जे0एल0एन0 परियोजना के लिये प्लानिंग विभाग द्वारा कोई धन व्यवस्था नहीं की गई है। अपेक्षित धन व्यवस्था कराने के प्रयत्न किया जा रहा है। अपेक्षित धन प्राप्ति पर पूरा किया जायेगा। (19-10-93)	The Committee would like to know the latest position. (2-11-93)
59.	श्री सतवीर सिंह कादियान द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 50 का भाग "क" तथा "ख"— (क) क्या उरलाना खुर्द, कलां, अटवाला, डिमीनाजा, चचराना, अहर, कुराना, चिटिहेड़ा, बुसाना, आदि गांवों को पानी सप्लाई करने के लिए अरवाला वाहिका (करनाल) के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि हां, तो पूर्वोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की सम्भावना है?	17-12-1991 (क) गोहाना प्रणाली में सप्लाई बढ़ाने हेतु अरवाला नहर के निर्माण करने की योजना अनुसन्धानाधीन— (ख) स्कीम मंजूर होने के पश्चात आरम्भ किया जाएगा।	विषयत स्कीम वास्तविक फील्ड से अन्वेषण के उपरान्त 4/91 में प्रथम बार प्राप्त हुई थी। इस पर क्या अभियन्ताओं की तकनीकी कमेटी की 4-5-91 की हुई बैठक में विचार किया गया, कमेटी ने चाहा कि इस स्कीम पर नये सिरे से विचार किया जाए क्योंकि इस स्कीम की लागत अधिक भराई तथा अनेक ड्रेनेज क्रासिंग के कारण अधिक थी।	The Committee would like to know the latest position about the scheme The Committee recommends that sufficient amount should be spared for implementing this Scheme because it has already been delayed enough. (6-1-93)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		(19-12-92)	यह प्रस्ताव अब दोबारा प्राप्त हुआ है तथा जैसे ही यह योजना तकनीकी कमेटी द्वारा तकनीकी औचित्य के आधार पर मंजूर कर ली जाती है तो स्कीम तुरन्त सरकार को भेज दी जाएगी । तकनीकी कमेटी और सरकार से मंजूरी तथा धन राशि के उपलब्धी के उपरान्त इस स्कीम पर निर्माण कार्य आरम्भ किया जाएगा । (11-12-92)	
60.	श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 63— (क) क्या तहसील पटवल, जिला फरीदाबाद में रजोलका माईनर के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है तो, उपरोक्त माईनर पर निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?	(क) हां, श्री मान जी । (ख) अनुमानित परियोजना की स्वीकृति तथा राशि उपलब्ध होने के पश्चात कार्य आरम्भ किया जाएगा ।	रजोलका माईनर के मूल प्रस्तावित मार्ग रेखा को कुछ जमींदारों ने पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय में दे दी थी जिसके फलस्वरूप उच्च न्यायालय द्वारा धारा-4 तथा 6 के अन्तर्गत जारी की गई अधिसूचना को रद्द कर दिया गया था इसके पश्चात यह चाहा गया था कि इस माईनर के निर्माण के लिए कोई सहमति पूर्वक मार्ग रेखा का प्रस्ताव किया जाए इसके अनुसार एक ऐसी मार्ग रेखा का प्रस्ताव करते हुए जिसके विरूद्ध कम से कम विरोध की संभावना हो जो कि अधीनस्थ कार्यालय में निरीक्षण हेतु विचाराधीन है इस पर आगामी कार्यवाही संशोधित मार्गरेखा के अनुमोदन के पश्चात् की जा सकेगी । (7-12-93)	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है (29-12-93)

F.O 31-8-94

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		20-12-91		
61.	श्री मोहन लाल पिप्पल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 59— (क) क्या मेवात नहर के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?	(क) हां, श्रीमान जी । (ख) निर्माण कार्य के लिये समय निश्चित करना कठिन है। F.O. 31-8-94	पूर्व सूचित की गई स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं है क्योंकि पंजाब क्षेत्र में निर्माणाधीन एस0 वाई0 एल0 नहर के पूर्ण होने एवं हरियाणा राज्य को अपने हिस्से का पानी मिलने और आवश्यक धन की उपलब्धि उपरान्त इस परियोजना पर विचार किया जाएगा। (19-10-93)	कमेटी इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है (2-11-93)
		20-12-91		
62.	तारांकित प्रश्न सं0 92 के संदर्भ में श्री खरैती लाल शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्नः "स्पीकर साहब, मुख्य मन्त्री जी ने कुरुक्षेत्र विजिट के दौरान दादुपुर नलवी नहर को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करवाने का वायदा किया था । मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि क्या उस नहर को शीघ्र अति शीघ्र बनाने की दिशा में कोई पग उठाया गया है ?" F.O 31-8-94	अध्यक्ष महोदय, जो अम्बाला डिस्ट्रिक्ट और कुरुक्षेत्र जिले के इलाकों के लिए जिनमें अब केवल ट्यूबवैल्ज़ हैं और एस0 वाई. एल. नहर तक का जो एरिया है, उनमें पानी पहुंचाने के लिये 1985-86 में कांग्रेस की सरकार ने ही दादुपुर नलवी स्कीम के बारे में कार्यवाही शुरु की थी, उस वक्त हमने इसके लिये जमीन भी एक्वायर कर ली थी । स्कीम पर काम शुरु करना था लेकिन इतनी देर में, बदकिस्मती इस प्रान्त की कि किसान विरोधी सरकार किसानों का झूठा नारा देकर दुबारा सत्ता में आ गई और इन्होंने इस स्कीम पर कोई कार्यवाही नहीं की। अब दोबारा से हम इस स्कीम को टेकअप करेंगे।	प्रस्तावित परियोजना में हरियाणा के हिस्से का रावी ब्यास का फालतू पानी आंशिक रूप में इस्तेमाल किया जाना है। इस पानी को ले जाने वाली एस0 वाई0 एल0 नहर को पूर्ण नही किया गया है । जैसे ही एस0 वाई0 एल0 नहर का काम पूर्ण होगा और स्कीम केन्द्रीय जल आयोग द्वारा स्वीकृत होगी और धन उपलब्ध होगा, यह काम शुरु किया जाएगा । एस0 वाई0 एल0 का कार्य दोबारा शुरू करवाने के लिए उच्च स्तर पर भारत सरकार से लगातार आग्रह किया जा रहा है । क्योंकि यह मामला हरियाणा राज्य के अधीन नहीं है और न ही इसके लिए समय निर्धारित किया जा सकता । अतः अनुरोध है कि इस आश्वासन का पटाक्षेप	कमेटी इस बारे में ताजा स्थिति जानना चाहती है (22-12-93)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			करने के लिए विचार किया जाये। (7-12-93)	
63.	तारांकित प्रश्न सं0 193 पर चौधरी अजमत खां द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न —"नौ साल में 1082 एकड़ रकबे (सुंदरावत के) में जो पानी सिंचाई हेतु दिया गया है, वह वास्तव में इतने रकबे में नहीं दिया गया *** अगर 1082 एकड़ रकबे को सही मान लिया जाए तो क्या वजह है कि आज तक वह पूरा रकबा सिंचित नहीं हो पाया दूसरी बात यह है कि जो तीन गांव इन्होंने दिखाए हैं **** इन से एक गांव भालका है जो इसकी टेल पर है और दूसरा गांव जरारी भी इससे मिलता हुआ है *****सरकार इनकी टेल पर पानी पहुंचाने के लिए क्या कदम उठा रही है **** मैं जानना चाहता हूं कि इस नहर को दोबारा से ठीक करेगी *** या कोई दूसरा रजवाहा बना कर उससे बुर्जी नं0 68 से या टेल की ओर से जोड़ देंगे।"	19-4-93 * * * * इसके अलावा एक डिफैक्ट और है। वहां का लैवल ठीक नहीं है। इसके अलावा इनके इस इलाके में पानी की चोरी भी होती है। ओवर साईज के आउट लैट्स लगे हुए हैं और कोई इंडीपैंडेंट फीडर नहीं है। इसके लिये हम इंडीपैंडेंट फीडर बना रहे हैं। नए पम्पस भी लगा रहे हैं, लाईनिंग भी ठीक कर रहे हैं। इसके अलावा जिन दोनों गांवों को टेल तक पानी नहीं पहुंचता उनको दूसरे तरीके से यानी सीधे ही जोड़ने लग रहे हैं यह सब होने के पश्चात हमें उम्मीद है कि किसानों को काफी राहत मिलेगी।		
64.	तारांकित प्रश्न सं0 194 पर चौधरी अजमत खां द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— " **** जब तक पानी छोर तक नहीं पहुंच सकता (उटावड़ रजवाहा में) तो फिर 23—24 सालों से उस नहर पर क्यों इतना खर्चा किया जाता रहा है? ***** इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से यह रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि लोगों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए सरकार इसके लिए कोई नए कदम उठाए।'	23-3-92 ***** जो बिजली की डिफैक्टिव लाईनें थी उनकी जगह नई लाईनें लगवाने के लिए पैसा जमा करवा दिया गया है और मौके पर काम चालू है। तीसरी बात जो है वह यह है कि जो लाईनिंग खराब थी उसका हमने पूरी तरह सर्वे करवा लिया है और लाईनिंग की मुरम्मत का काम जल्दी चालू करवाएंगे। चौथी बात हमने यह की है कि इस नहर की 30 किलोमीटर की लम्बाई कम करने के लिए हम सीधे चैनल से कनैक्ट करने की योजना बना रहे हैं। यानी टेल की पोर्शन को दूसरे चैनल से डायरैक्ट कनैक्ट कर देंगे		

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
65.	तारांकित प्रश्न संख्या 194 पर श्री धर्म पाल सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, अभी मन्त्री जी ने बताया कि उस नहर की लाईनिंग खराब थी जिसको वे ठीक करवा रहे हैं (उटावड़) तो मैं मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि इसी तरह से लोहारू फीडर में एक खेडीपुरा माईनर की भी लाईनिंग खराब है, क्या उसका भी सर्वे करवाने पर सरकार विचार करेगी ?"	23-2-92 जरूर करेंगे।	Dropped 31-8-94	
66.	श्री सूरज भान काजल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न सं0 262— 9. क्या वहबलपुर माइनर तथा शादीपुर माईनर के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; तथा (ख) यदि हां, तो उक्त माइनरों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?	(25-3-92) * * * * * * नई वहबलपुर माइनर तथा शादीपुर माईनर का परीक्षण किया जा रहा है। (ख) * * * *	Dropped 31-8-94	
67.	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सं0 2 के संदर्भ में साथी लहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : **** स्पीकर साहब, इस समय भी वहां पर कटाव है, चाहे बरसात इस समय नहीं है, लेकिन फिर भी कटाव है पानी ने हमारी सारी जमीन को काट दिया है। यमुनानगर के डिप्टी कमिश्नर ने दस बार लिख कर भेजा है कि यदि ठोकरें नहीं लगाई गई तो सारे	23-12-92 अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने कहा कि वहां पर अब भी कटाव है, बेशक अभी रिवर में फ्लड नहीं आया है। स्पीकर साहब, कटाव ज्यादा पानी आने से होता है। हरियाणा और यू0 पी0 का बोर्डर 285 कि0मी0 का है और उसमें कहीं न कहीं कटाव हो सकता है। इस बार ज्यादा खतरा जटलाना और लाल छप्पड़, इन दोनों गांवों को आया लेकिन कहीं भी आबादी के नजदीक फ्लड का पानी नहीं आया। फ्लड आधा किलोमीटर आबादी से दूर	Dropped 31-8-94	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	गांव बह जाएंगे। मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वहां पर ठोकरें जल्दी से जल्दी लगाई जाएं। जो आलरेडी मंजूर हैं और जिनके लिए पैसा भी पड़ा हुआ है, उन पर तो काम शुरु हो जाना चाहिए। इस बारे में क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि कब तक कार्य शुरु करवा देंगे ?	ही था, इसलिए खतरा नहीं रहा। खतरा इसलिए भी नहीं रहा कि कई गांव टीले पर बसे हुए हैं। मैं माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि अगले फ्लड सीजन आने से पहले ही जहां आबादी को खतरा है, वहां काम करा देंगे।		
		23-12-92		
68.	ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सं0 2 के संदर्भ में चौ0 फूलचन्द मुलाना द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न : "**** स्पीकर साहब, यमुनानगर, अम्बाला और कुरुक्षेत्र ये तीन जिले ऐसे हैं जिनमें यमुना और मारकंडा नदियों से काफी कटाव होते हैं। इन्होंने मारकंडा नदी का बिल्कुल जिक्र ही नहीं किया। पिछले दिनों कई जगह, जहां कटाव थे, वहां सटड लगाए गए थे ताकि नदी आगे की ओर न बढ़े। हमारा बहुत सारा क्षेत्र मारकंडा नदी से इफैक्टिड है और वहां पर कोई काम नहीं हुआ। मैं इनसे जानना चाहूंगा कि क्या इस काम के लिए ये ड्रैनेज विभाग को कोई पैसा देंगे ?"	**** इन्होंने मारकंडा रिवर का जिक्र किया कि वहां आबादी को प्रोब्लम है, वह ड्रैनेज विभाग को कह कर ठीक करवा देंगे।	F-0 31-8-94.	
		23-12-92		
69.	मंत्री परिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान श्री अध्यक्ष द्वारा उठाया गया प्रश्न – "यह हथिनीकुंड का काम कब तक शुरु हो जाएगा ?"	इस (हथिनीकुंड बैराज के बनाने के काम का ऐग्रीमैंट यू0 पी0 के साथ हो गया है। पहले तो ऐग्रीमैंट न होने की वजह से हम काम शुरु ही नहीं कर सकते थे। अब हमारी कोशिश यह होगी कि एक महीने तक यह काम शुरु हो जाये। अप्रैल तक तो काम शुरु करा ही देंगे।	F-0 31-8-94.	

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

ELECTRICITY DEPARTMENT

Note—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		1–3–1989		
110.	तारांकित प्रश्न संख्या 204 पर श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, यह जो फीलिंग है कि लोगों को हर जगह पानी कम मिल रहा है। इस बारे में इन्होंने बताया हैं कि बीस लीटर प्रति व्यक्ति हम गांव में पानी पहुंचाते हैं। क्या मंत्री महोदय, बताएंगे कि अब तक कितने गांवों को इन्होंने इस हिसाब से पानी दिया है?" F.O. 6-9-94	* * * * * * * * * स्पीकर साहब, मैं स्पष्ट तौर पर आश्वासन आपको दे सकता हूं कि बीस लीटर पानी बहुत से गांवों में प्रति व्यक्ति दिया जाता है इसका मतलब है कि वहां पर पानी की कमी है और उस बीस लीटर पानी को हम अगली पांच वर्षीय प्लान में चालीस लीटर करने जा रहे हैं और यह भी हम पांच वर्षीय प्लान में करने जा रहे हैं कि जहां डैपर्ड हैं वहां चालीस लीटर से सत्तर लीटर पानी दिया जाएगा। वहां के पशुओं के लिए तीस लीटर पानी ऐडीशनल करने जा रहे हैं और यह भी प्रावधान है कि 120 गांव में जो बड़े बड़े गांव हैं 10,000 से ज्यादा आबादी के गांव हैं हम उनका पानी 110 लीटर करने जा रहे हैं और उनके यहां पानी निकासी की व्यवस्था भी हम आठवी पंचवर्षीय योजना में में करने जा रहे हैं।	हरियाणा राज्य में 6745 गांव है जिनमें 1991 के सर्वेक्षण उपरान्त यह पाया गया कि 2723 गांवों में जनसंख्या की वृद्धि और भूमिगत स्त्रोत की कमी के कारण पीने के पानी की मात्रा 40 एल पी सी डी से कम हो गई है। आठवीं पंचवर्षीय योजना में इन सभी गांवों में पीने के पानी का स्तर 40 एल पी सी डी कर दिया जायेगा। वर्ष 1992-93 में 334 गांवों में पीने के पानी का स्तर 40 एल पी सी डी कर दिया गया है तथा इस वर्ष 1993-94 में 700 गांवों में पीने के पानी का स्तर बढ़ाने का प्रोग्राम है। राजस्थान सीमा से लगते 6 जिलों हिसार, सिरसा, भिवानी, महेन्द्रगढ़, रिवाड़ी और रोहतक में पानी की मात्रा 70 एल पी सी डी तक करने का प्रोग्राम है। इस 70 लीटर पानी में से 40 लीटर मनुष्यों के लिये और शेष 30 लीटर पशुओं के लिये प्रयोग होगा। 8वीं पंचवर्षीय योजना में	The Committee would like to know the latest position. (23-8-93)

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			1000 से अधिक आबादी वाले 120 गांवों का स्तर 110 एल पी सी डी तक करने का प्रोग्राम है। वर्ष 1992-93 में ऐसे 18 बड़े गांवों में 110 एल पी डी सी की दर से पेयजल सुविधायें उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था और इसके लिये 250 लाख रु0 रखे गये थे परन्तु प्लैन में कटौती से धन कम मिलने के कारण 1992-93 में केवल 7.50 लाख रुपये ही खर्च किये गये। हरियाणा राज्य सफाई बोर्ड की 23-6-93 की बैठक में वर्ष 1993-94 के लिये केवल 100 लाख रुपये इस कार्य के लिये उपलब्ध करवाये गये हैं। तथा अब केवल 9 ही गांवों में यह कार्य इस वर्ष शुरू करने का प्रस्ताव है। (19-7-93)	
111	तारांकित प्रश्न संख्या 204 पर प्रो0 राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– "स्पीकर सर, जन स्वास्थ्य मंत्री महोदय, ने अपने ध्यान में बताया है कि बधावना की जो स्कीम है, इसको जल्दी पूरा करेंगे। क्या मंत्री जी के ध्यान में यह बात है कि जिला महेन्द्रगढ़ में अटेली और नारनौल तथा भिवानी में पानी जमीन के नीचे पांच सौ फुट तक चला गया है साथ ही	11-3-92 अध्यक्ष महोदय, इन्होंने जो बात कही है वह बिल्कुल दुरुस्त है कि जो नारनौल का एरिया है उसमें पानी का स्तर नीचे चला गया है और जो ट्यूबवैल्ज लगाते हैं उनमें भी पानी नीचे चला गया है। अध्यक्ष महोदय जब वहां पर ट्यूबवैल्ज लगाते हैं तो पानी 250 फुट पर रहता है लेकिन दो चार महीने के बाद ही यह तीन सौ फुट पर हो जाता है। तो इसके लिए व्यवस्था कर रहे हैं। जिन गांवों में यह दिक्कत है वहां पर हम ऐसे ट्यूबवैल्ज को नीचा कर	भू-जल स्तर की कमी को देखते हुए गांव बधवाना 6 गांवों लोटाना, 3 गांव, पाली 5 गांव, खतोद 18 गांव, की योजना को नहरी पानी पर स्वीकृत की गई है तथा इन पर कार्य पूर्ण होने वाला है। इन स्कीमों को वर्ष 1993-94 में पूरा कर दिया जायेगा। (19-7-93)	कमेटी इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है (23-8-93)

6-9-94

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	गर्मी भी आ रही है : वधवाना के साथ जो केनाल "ब" स्कीम थी जिसमें टोडाना, गली, खोरड़ा खोलीद आदि हैं क्या सरकार आने वाली गर्मियों को देखते हुए तथा पांच सौ फुट की गहराई को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर इस स्कीम को पूरा करने की कृपया करेगी ...?	रहे हैं ताकि सही व्यवस्था हो सके ।		
		23-3-92		
112.	ध्यानाकर्षण सूचना सं0 17 पर श्री अमर सिंह द्वारा पूछे गए अनुपूरक प्रश्न के उत्तर में।	अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी कहा है कि हम इस पानी के गेटेशन के सिस्टम को आगे के लिए ठीक कर रहे हैं । जहां तक इन्होंने गांव वापोड़ा की बात कही यह बात ठीक है कि वहां पर बहुत बड़ी स्कीम है । उस बड़ी स्कीम को छोटा करके हमने 12 स्कीम्ज वहां पर बनाई हैं जो आने वाले समय में चालू होंगी । सुई, लालवास, जुई कलां, भानगढ़, असलवास, कोदिया, ढांगर, चांदवास, लेधाभाना कुमाशी, देवराला, केहू और सुन्दरपुर ये 12 नई स्कीमें हैं । इनमें सुई, भानगढ़, लेगाभाना, कुमाशी और सुन्दरपेर ये पंच स्कीमें 1992-93 में कमिशन हो जाएंगी । ****इसी तरह से लोहारू में भी प्रोबल्म है । जहां जहां ट्यूबवैल लगे हुए हैं हम उनको और नीचे लगा कर पानी की स्थिति को ठीक करेंगे और आने वाले सीजन में हमारी कोशिश होगी कि पानी की कमी न रहे ।	भिवानी जिले में बापौड़ा समूह योजना को 58 गांवों के लिये 86.21 लाख रु0 के अनुमान के अन्तर्गत वर्ष 1970 में 45 एल पी सी डी पानी देने हेतु चालू किया गया था । जनसंख्या में वृद्धि के कारण इन गांवों में पानी की मात्रा कम हो गई है । क्योंकि जिला भिवानी राजस्थान की सीमा के नजदीक है । डी0 डी0 पी0 यू अन्तर्गत इस जिले में 70 एल पी सी डी पानी देने का लक्ष्य है अतः बापौडा समूह योजना में से 14 नये जलघर स्वीकृत किये गये हैं जिनमें 37 ग्राम आते हैं इन 14 योजनाओं में से 5 योजनाएं जिनमें 21 ग्राम सम्मिलित हैं के प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है । और शेष 9 योजनाओं के प्रथम चरण मार्च 1994 तक पूर्ण हो जायेंगे । इन योजनाओं	The Committee would like to know the latest position. (28-8-93)

6-9-94

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			के पूर्ण होने पश्चात बापौड़ा समूह के शेष 21 गांव में जलस्तर 70 एल पी सी डी हो जायेगा । लोहारु हल्के में जहां पीने के पानी की समस्या थी वर्ष 1992–93 में 15 ट्यूबवैल चालू किये गये तथा वर्ष 1993–94 में में भी पीने के पानी की समस्या दूर करने के लिये 10 नये ट्यूबवैल लगाने का प्रस्ताव है जिससे इस हल्के में पीने के पानी की कोई कमी नहीं होगी । (19–7–93)	
113.	ध्यानाकर्षण सूचना सं0-17 पर श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछे गए अनुपूरक प्रश्न के उत्तर में ।	23–3–92 स्पीकर साहब, मैडम के हल्के में 101 गांव हैं जिनमें से 69 गांवों में पीने के पानी की ठीक सुविधा है । बाकी गांवों में थोड़ी दिक्कत है उसको भी हम ठीक करेंगे । जिन जिन कुओं का मीठा पानी है उन कुओं को वाटर सप्लाई स्कीम की लाइनों से कनैक्ट करने के बारे में विचार करेंगे । * * * *	इस समय लोहारु हल्के में 101 गांव हैं जिनमें से 75 गांव 12 योजनाओं के अन्तर्गत ट्यूबवैल पर आधारित है वर्ष 1992–93 में 15 नये ट्यूबवैल चालू किये तथा इस वर्ष 1993–94 में 10 ट्यूबवैल लगाने का प्रावधान है, जिससे लोहारु क्षेत्र में पानी की कमी दूर हो जायेगी । शेष 26 गांवों दो योजनाओं के अन्तर्गत नहरी पानी पर आधारित [illegible] हैं । इन दोनों जलघरों [illegible] की क्षमता 40 लीटर पानी [illegible] उपलब्ध कराने की है [illegible] परन्तु नहरी पानी के [illegible] अभाव के कारण वर्तमान [illegible] संकट बना हुआ है । नहर विभाग से इन स्कीमों के [illegible] लिये अतिरिक्त पानी उप- [illegible]	The Committee would like to know the latest position.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			लब्ध कराने के प्रयत्न किये जा रहे हैं । (19-7-93)	
		25-3-92		
114.	दि हरियाणा एप्रोप्रिएशन (नं0 2) बिल 92, के संदर्भ में प्रो0 राम बिलास शर्मा द्वारा पूछा गया प्रश्न— "******तो मैं सिर्फ यह जानना चाहता हूं कि जो हरिजन, गरीब, पिछड़े हुए और लैंडलेस हैं, क्या उन सब पर यह स्कीम लागू होगी ।"	* * * * *तो सरकार ने एक स्पैशल प्रोग्राम बनाया है कि हर ब्लाक में, 3-4 बड़े गांवों में फलश की लैट्रीन बनाई जाएगी जिसमें हरिजनों को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ेगा । हरिजनों के घरों में लट्रीन बनाने का सारा खर्चा सरकार करेगी । **** इसके अतिरिक्त अगर गांव में कोई व्यक्ति अपने घर में लैट्रीन बनवाना चाहता है उन पर 50 प्रतिशत सरकार खर्च करेगी और 50 प्रतिशत वह व्यक्ति खर्च करेगा जिसका वह घर होगा । तो यह भी एक स्पैशल प्रोग्राम हमारी सरकार ने बनाया है ।	यह एक विशेष अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के अन्दर कम कीमत के लघु शौचालय बनाने का कार्य 11/91 में जन स्वास्थ्य विभाग तथा पंचायत विभाग द्वारा शुरु किया गया । इसके अन्तर्गत जन स्वास्थ्य विभाग ने 46669 शौचालय बनाये तथा कुल शौचालय एक लाख से अधिक बनाये गये जिनमें 20 प्रतिशत शौचालय हरिजनों के लिये बनाये गये तथा उनसे कोई पैसा वसूल नहीं किया गया । केवल उन द्वारा दरवाजा लगाया जाना था, अब यह कार्य वर्ष 1993-94 में पंचायत विभाग द्वारा किया जाना है और 50000 शौचालयों का लक्ष्य रखा गया है । (19-7-93)	कमेटी इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है (23-8-93)
		21-12-92		
115.	श्री जय प्रकाश द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 330— क्या करनाल शहर के राम नगर, प्रेम नगर तथा हरिजन बस्ती में मल-व्यवस्था प्रणाली (सीवरेज सिस्टम) बिछाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है, यदि ऐसा है, तो उक्त योजना के कब तक लागू किए जाने की संभावना है ?	करनाल शहर के राम नगर, प्रेम नगर में 75 प्रतिशत क्षेत्र में मल निकास सुविधाएं प्रदान कर दी गई हैं तथा शेष क्षेत्र में कार्य प्रगति पर है ।		

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		21-12-92		
116.	तारांकित प्रश्न सं0 330 के संदर्भ में श्री जय प्रकाश द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—— "स्पाकर साहब, मैं मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि करनाल में राम नगर तथा प्रेम नगर के कितने एरिया में सीवरेज डली हुई है, कितना एरिया सीवरेज डालने के लिए बाकी रहता है और जो एरिया अभी बाकी रहता है उसमें सीवरेज डालने का क्या प्रोग्राम बना रखा है ? मेरा दूसरा सवाल यह है कि करनाल में कुल हरिजन बस्तियां कितनी हैं, उनमें से कितनी में सीवरेज का काम हो चुका है और कितनी में अभी बाकी रहता है ! मैं यह भी जानना चाहता हू कि सरकार ने उनके लिए कितना पैसा सैंक्शन किया है ?	*****इसका लगभग 75 प्रतिशत काम हमने पूरा कर लिया है और बाकी का 25% काम अगले 7-8 महीने में कर देंगे । * * * * * *मैं माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगा कि वहां पर कुल 12 हरिजन बस्तियां हैं इनमें से 3 सदर बाजार, 2 चार चमन, 1 माडल टाऊन 1 बांसे गेट तथा एक जूंडला गेट पर स्थित है इनमें सीवरेज डालने के लिए एक स्कीम विचाराधीन है । इनमें सीवरेज डालन के लिए भी हम काम करेंगे लेकिन फिलहाल इसके लिए पैसे उपलब्ध नही हैं ।	63 6-9-94	
		21-12-92		
117.	तारांकित प्रश्न सं0 330 के संदर्भ में साथी लहरी सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न- "क्या मन्त्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि सीवरेज सिस्टम को देने का क्या क्राइटेरिया है ? मेरा एक सुझाव है कि जो गरीब म्युनिसिपल कमेटीज हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर सीवरेज की सुविधा देनी चाहिए ।"	स्पीकर साहब, हम "ए" क्लास कमेटीज को सीवरेज की सुविधा देते हैं । रादौर काफी छोटी कमेटी है लेकिन हम ऐसी कमेटी की भी सीवरेज की सुविधा देने पर विचार कर रहे हैं ।	64 6-9-94	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		21-12-92		
118.	तारांकित प्रश्न सं0 330 के संदर्भ में श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न– "क्या मंत्री महोदय या मुख्य मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि जो बड़े-बड़े शहर हैं और उनमें नए नगर बस रहे हैं या जो कस्बे हैं और जो बड़े-बड़े कस्बे हैं, उनमें सीवरेज सिस्टम प्रोवाइड करने का भविष्य में सरकार का कोई विचार है या कोई प्लान है, अगर कोई प्लान है तो इसके लिए कितना समय निश्चित किया गया है ।"	"*****अगले साल का हमारा यह प्रोग्राम है कि जो बड़े-बड़े गांव हैं, जिनकी आबादी दस हजार से ज्यादा या दस हजार है उनमें सीवरेज सिस्टम प्रोवाइड करेंगे । * * * * * * * * * आने वाले समय में जो बड़े-बड़े शहर हैं, "ए" क्लास, "बी" क्लास और "सी" क्लास सिटी हैं, उनमें भी सीवरेज स्कीम पूरी करेंगे और रोहतक जिले में तथा सोनीपत जिले में, बहुत बड़े-बड़े गांव हैं, वहां भी हम पीने के पानी तथा सीवरेज का प्रबन्ध करेंगे ।"		
		21-12-92		
119.	तारांकित प्रश्न सं0 341 के संदर्भ में श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न-- "स्पीकर साहब, क्या मंत्री जी बताएंगे कि भिवानी शहर की आबादी के अनुसार वहां पर वाटर सप्लाई स्कीम के टैंक में पानी की मात्रा काफी है। क्या मंत्री जी ने पिछले साल छः महीने में जांच करवाई है कि उसमें वहां की आबादी के मुताबिक पानी की मात्रा ठीक है ?"	* * * * * * * * * * * * * * इस समय अगर कहीं पर 20 गैलन प्रति व्यक्ति पानी मिलता है तो वह चाहता है कि उसे 40 गैलन के हिसाब में पानी मिले। हम चाहते हैं कि जहां पर 20 गैलन प्रति व्यक्ति पानी मिलता है, 40 गैलन के हिसाब से मिले और जहां पर 40 गैलन के हिसाब से मिलता है वहां पर 50 या 60 गैलन के हिसाब से पानी मिले लेकिन यह काम एकदम नहीं हो सकता। अगले साल भिवानी वाटर सप्लाई स्कीम के पानी के टैंक की कैपेसिटी बढ़ाने के लिए हम 50 लाख रुपए खर्च करेंगे।		
		21-12-92		
120	तारांकित प्रश्न सं0 355 के संदर्भ में श्री कर्ण सिंह दलाल	स्पीकर साहब, जहां-जहां कभी हमारे नोटिस में आयेगी या माननीय सदस्य		

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, मैं मन्त्री महोदय के नोटिस में लाना चाहता हूं कि पलवल शहर की आबादी दो लाख से ज्यादा है। जिन-जिन कालोनियों के नाम मैंने अपने सवाल में दिए हैं (1) इन्द्र पुरी मोहल्ला (2) नंगला गुलाब सिंह सैनी (3) कृष्णा कालोनी (4) शिव कालोनी रेलवे रोड (5) शेखीपुरा (6) मोहल्ला जैंदीपुरा कस्बा मोहल्ला (7) कृष्णा कालोनी रेलव रोड देव नगर कालोनी) उनमें पीने के पानी की बहुत भारी समस्या है। मंत्री जी ने जवाब तो दे दिया कि टयूबवैल लगाने का कोई विचार नहीं है। यदि ये टयूबवैल वहां पर नहीं लगाएंगे तो फिर उन लोगों को पानी कैसे पहुंचाएंगे ?"	लाएंगे, वहां पर हम अवश्य कार्यवाही करेंगे। जिन कालोनियों का ये जिक्र कर रहे हैं, वहां पर भी पीने के पानी का इन्तजाम करेंगे।		
		21-1 2-92		
121	तारांकित प्रश्न सं0 355 के संदर्भ में श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "स्पीकर सर, मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि पलवल शहर की इन्द्रपुरी मोहल्ला, नंगला गुलाब सिंह सैनी, कृष्णा कालोनी, शिव कालोनी रेलवे रोड, शेखीपुरा मोहल्ला, जैंदीपुरा कस्बा मोहल्ला कृष्णा कालोनी, देवनगर रेलवे रोड में और नलकूप लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है।"	* * * * * * * * * * * * अध्यक्ष महोदय, मैं इनकी जानकारी में लाना चाहता हूं कि वहां दो टयूबवैल्ज लग चुके हैं और एक लगने जा रहा रहा है।		

क्र० सं०	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		23-12-92		
122.	तारांकित प्रश्न सं० 367 के संदर्भ में श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न" ******** स्पीकर सर अलिका गांव में तो ऐसी हालत है कि स्कूल की लड़कियां पीने का पानी मांगने के लिए गांव में जाती है । अलिका गांव के पास एक मीठे पानी की जमीन है और गांव की पंचायत ने यह जमीन सरकार को उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव पास किया है । मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या मंत्री जी इस बारे विचार करेंगे कि वहां पर एक नया टयूबवैल लगाया जाए।	स्पीकर सर, माननीय सदस्य ने अपने सवाल में कुछ गांवों का जिक्र किया है । दरअसल हम 40 लीटर पानी पर हैड गांव में देते हैं जो स्कीमज पहले की हैं उनमें गुगहेड़ा, अलिका वगैरा कुछ गांवों का समूह था जहां पर एक टयूबवैल लग चुका है और हर व्यक्ति को 40 लीटर पानी उपलब्ध है । बाकी गांव केराका की जो स्कीम है, उसमें गुरजा कराकी 2 गांवों की जमीन है जहां 40 लीटर पर हैड पानी दिया जा रहा है । दूसरे जो बाकी गांव कर्णा, राजोलका और केराका है इनमें पानी की कमी है और 27 लीटर पर हैड पानी उपलब्ध है इसलिए वहां पर एक नया टयूबवल मन्जूर किया जा चुका है जिसके लिए साढ़े तीन लाख रुपये हम ने दे भी दिए हैं । और मार्च तक यह टयूबवैल लगकर चल पड़ेगा ।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

EDUCATION DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does no relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12-9-89		
123.	तारांकित प्रश्न सं0 955 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न-- "***मेवात और फरीदाबाद जिले में -- तीन कालेज हैं । मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हू कि क्या सरकार मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड से जीमन और पैसे की सहायता उपलब्ध करवा करके वहां पर हथीन क्षेत्र में कोई लड़कियों का कालेज खोलने के बारे में विचार करेगी ।"	अध्यक्ष महोदय, मेवात का चहुमुखी विकास करने के लिए मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड का गठन किया गया था । यदि मेवात डिवैल्पमैंट बोर्ड मेवात क्षेत्र में कोई कालेज या स्कूल खोलने के लिए हमें अपनी स्कीम तैयार करके देगा तो हम जरूर खोलेंगे । इसके अलावा अध्यक्ष महोदय, आठवीं पंचवर्षीय योजना में 23 कालेज खोलने का सरकार का विचार है जिस में मेवात में भी कालेज खोला जाना विचाराधीन है ।	व्यक्त किया जाता है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के दो वर्षों (1992-93, 1993-94) में कोई भी नया राजकीय कालेज खोलने हेतु बजट में राशि की व्यवस्था नहीं है । केवल योजना के अन्तिम तीन वर्ष (1994-95, 95-96, 96-97) में एक कालेज खोलने हेतु राशि का प्रावधान किया गया है । मुख्य मन्त्री महोदय द्वारा सदन के पटल पर यह भी घोषणा की गई थी कि सर्वप्रथम उन जिला मुख्यालयों पर राजकीय कालेज खोला जायेगा जहां पर कोई भी राजकीय कालेज नहीं है। ऐसे जिला मुख्यालय 7 (अम्बाला, यमुना नगर, रिवाड़ी, कैथल, सोनीपत, पानीपत एवं कुरुक्षेत्र) है। (9-7-93)	Committee would like to know the latest position. (10-9-93)
		12-9-89		
124.	तारांकित प्रश्न सं0 995 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--जिला फरीदाबाद में एक भी ओ0टी0 बी0एड0 डिप्लोमा -इन-एजुकेशन की क्लासिज या ट्रेनिंग कोसिज नहीं है। मैं मंत्री जी से जानना चाहता हू कि क्या वहां पर "डाइट" स्कीम के अतिरिक्त और जिलों की भांति ओ0टी0जे0बी0टी0 आदि के ट्रेनिंग कोसिज खोलने	अध्यक्ष जी, इस समय मेवात क्षेत्र के फिरोजपुर नमक को छोड़कर कहीं भी कोई जे0बी0टी0 और ओ0टी0 का कोर्स नहीं चल रहा । जसा कि इन्होंने 'डाइट' की स्कीम के बारे में कहा इस बारे में मैं इन्हें बताना चाहूंगी कि, "डाइट" स्कीम के तेहत हम 12 के 12 जिलों में ओ0 टी0 और जे0 बी0 टी0 प्रशिक्षण केन्द्र खोलने जा रहे हैं । इस लिए सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जब 12 जिलों में ये "डाइट" के	पाली (फरीदाबाद) में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने के लिए भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और राज्य सरकार से स्वीकृति वांछित है । इस जनपद में जे0बी0टी0/ओ0टी0 सटर होडल तथा भगोला में आरम्भ करने का मामला सरकार के	इस बारे में समिति लेटस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (10-9-93)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	पर विचार किया जायेगा ?"	अधीन खुलने जा रहे हैं तो अलग से पैसा खर्च करके कोई और प्रशिक्षण केन्द्र न खोला जाए	विचाराधीन है। (9-7-93)	
		13-9-1989		
125.	तारांकित प्रश्न स0 988 पर श्री उदय भान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"अध्यक्ष महोदय, होडल कालेज के लिए जमीन ऐक्वायर करने की कार्यवाही काफी सालों से चल रही है। मैं माननीय शिक्षा मन्त्री महादया से यह जानना चाहूंगा कि जमीन अधिग्रहण कब तक पूरी हो जाएगी ?"	अध्यक्ष महोदय, एक बार यह जमीन अधिग्रहण करने के लिए दफा 4 और दफा 6 की नोटिफिकेशन भी हो गई थी लेकिन उसके बाद ला डिपोर्टमैंट ने इसमें कोई टैक्नीकल कमी निकाल दी। दोबारा फिर सैक्शन 4 की नोटिफिकेशन दिनांक 3-1-89 को इशू की गई है। दफा 6 का नोटिस अभी होना बाकी है। F.O 14-6-94 F.O. 21.11.94	विधान सभा आश्वासन क्रम संख्या 260 में पहले ही विभाग की स्थिति अंकित की जा चुकी है। क्योंकि भूमि अधिग्रहण करने की कार्यवाही स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से पूरी की जानी है जिसके लिये प्रयत्न किये जा रहे हैं। इस कार्यवाही के पूरे होने बारे समय निश्चित करना संभव प्रतीत नहीं होता। इस मामले में पहले भी देरी इसी अधिग्रहण के विरूद्ध भूमि मालिकों द्वारा उच्च स्तरीय न्यायालयों में मामले दर्ज हो जाने की वजह से हुई है। (9-7-93)	समिति इस बारे में लेटस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (10-9-93)
		12-3-1990		
126.	तारांकित प्रश्न संख्या 1038 के संदर्भ में डा0 मंगल सेन द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, हमारे आदरणीय मंत्री महोदय ने पहले तो यह फरमा दिया कि वहां (गुड़गांव में) कालेज खोलने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। अब फरमा रहे हैं कि हुड्डा से जमीन के लिए खतो-किताबत हो रही है, पत्राचार हो रहा है। क्या उस पत्राचार में यह लिखा है कि हुड्डा 15 एकड़	अध्यक्ष महोदय, हरियाणा में 25 जगहों से मांग (कालेज खोलने बारे) आ रही है और उसमें गुड़गांव में कालेज खोलने का मामला भी विचाराधीन है। 14-6-94	गुड़गांव में अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय खोलने के लिये पर्याप्त भूमि प्राप्त करने हेतु हुड्डा के साथ पत्र व्यवहार किया जा रहा है। तथा भूमि प्राप्त होने के बाद वहां पर कालेज के भवन निर्माण हेतु विभागीय बजट में धनराशि उपलब्ध होने पर भवन निर्माण की कार्यवाही की जायेगी। कालेज की	इस बारे में समिति लेटस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (10-9-93) 70

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	ज़मीन दे, कालेज खोलना है या नहीं खोलना है, इस बारे में सरकार का क्या स्टैण्ड है ?"		स्थापना का निर्णय तदोपरान्त लिया जाना संभव होगा। (9-7-93)	
		29-3-1990		
127.	तारांकित प्रश्न संख्या 1109 के संदर्भ में श्रीमती कमला वर्मा द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "स्पीकर साहब, हरियाणा स्टेट में चार ऐसे जिले हैं जो अभी अभी बने हैं । क्या उन चार जिलों में से यमुना नगर में भी कोई ऐसा सेंटर खोलने के लिए प्रपोज़ल भेजेंगे ?	स्पीकर सर, चार नये जिले हमारे बने हैं । हरियाणा को इसके खोलने के लिए 10 एकड़ भूमि देनी पड़नी है हमने इनके जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखा हुआ है कि वह भूमि का पता लगा कर और केस बना कर भेजें । हम केस भारत सरकार को भेजेंगे कि यह चार जिले भी इस स्कीम में कवर किए जाएं ।	यमुनानगर में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खोलने बारे प्रस्ताव भारत द्वारा निर्धारित नार्म अनुसार भेजने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को लिखा जा चुका है और उत्तर अपेक्षित है । (9-7-93)	Committee would like to know the latest position (10-9-93)
		11-3-1991		
128.	राव राम नारायण द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं. 1370 का भाग (क) तथा (ख)— (क) क्या आदर्श कन्या उच्च विद्यालय बब्बा, तहसील कोसली, जिला रिवाड़ी को अधिकार में लेने का कोई आवेदन पत्र सरकार को प्राप्त हुआ है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई ?	(क) जी हाँ । (ख) मामला सरकार के विचाराधीन है	आदर्श कन्या उच्च विद्यालय बब्बा को सरकारी नियन्त्रण में लेने का मामला सरकार को प्रेषित है किया गया था । सरकार ने प्रस्ताव पर कुछ आपत्तियां लगाई थी । जिनका निवारण कर पुन: पूर्व प्रस्ताव 2.4.93 को सरकार को भेजा जा चुका है और मामला सरकार के विचाराधीन है । (9-7-93)	Committee would like to know the latest position. (10-9-93)
		13-3-1991		
129.	सेठ लछमन दास बजाज द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 1290— "क्या उन बच्चों का जो राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर खेलों/विज्ञान प्रदर्शनियों में भाग लेते हैं, दैनिक भत्ता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?"	जहां तक विद्यालयों का संबंध है, ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है । तथापि महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए एक प्रस्ताव विभाग तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के विचाराधीन है।	इसकी स्थिति में कोई बदलाव नहीं है । (9-7-93)	कमेटी इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है । (10-9-93)

F.O. 14-6-94

14-6-94

F.O. 21.11.94

F.O. 14-6-94

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		14-3-1991		
130.	तारांकित प्रश्न सं0 1417 पर चौधरी सतवीर सिंह का दियां द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न, "स्पीकर साहब पानीपत में नौलथा गांव में भी एक डाइट स्कीम के तहत एक ट्रेनिंग सेंटर खोलने के बारे में आश्वासन दिया गया था। मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या 1991-92 में वह सेंटर वहां पर खोल दिया जाएगा।	स्पीकर साहब, वहां पर एक ट्रेनिंग सेंटर आने वाले सालों में चालू करने की योजना है।	पानीपत जिले में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खोलने बारे प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा जा चुका है और स्वीकृति अपेक्षित है। (9-7-93)	कमेटी इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (10-9-93)
		11-3-1992		
131.	श्री जय सिंह राणा द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 226 के उत्तर में— (क) क्या इस समय राज्य के विद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्यापकों/प्राध्यापकों के कई पद रिक्त पड़े हैं, (ख) यदि ऐसा है, तो उनकी जिलावार तथा श्रेणीवार संख्या कितनी है, तथा (ग) पूर्वोक्त पदों के कब तक भरे जाने की संभावना है ?	(क) जा हां। (ख) प्राथमिक/माध्यमिक तथा महाविद्यालयों में जिलावार तथा वर्गवार रिक्त पदों की संख्या :—	प्राथमिक शिक्षा 15.2.93 की स्थिति अनुसार राज्य में जे0 बी0टी0 टीचरों के जिलावर/वर्गवार अब 2716 पद रिक्त हैं। जिला/वर्गवार सुचन संलग्न है (अनुबन्धक "क" पर) वैज्ञानीकरण की प्रक्रिया क माध्यम से लगभग 1600 फालतू पदों को आवश्यकता वाले प्राथमिक स्कूलों में भेजने के आदेश दिए जा चुके हैं। नई भर्ती करने बारे भी सरकार के स्तर पर निर्णय लिया जा रहा था जिसपर अब सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जे0बी0टी0 अध्यापकों की भर्ती का कार्य अधीनस्थ सेवाएं प्रवरण मंडल, हरियाणा द्वारा किया जायेगा। सैकण्डरी शिक्षा	समिति ने इस संबंध में ताजा स्थिति जानने की इच्छा व्यक्त की है। (20-9-93)

क्रम संख्या	जिला	जे0बी0टी0 अध्यापक	सी0 एण्ड वी0 अध्यापक	मास्टरज/मिस्ट्रैसिज	स्कूल प्राध्यापक	प्राध्यापक
1	2	3	4	5	6	7
1.	अम्बाला	74	94	61	9	8
2.	भिवानी	39	56	69	15	7
3.	फरीदाबाद	61	50	42	52	13
4.	गुड़गांव	95	95	73	26	18
5.	हिसार	165	143	45	41	14
6.	जीन्द	32	66	79	27	17

क्र0 सं0	सदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5

1	2	3	4	5	6	7
7.	करनाल	91	56	50	5	2
8.	कथल	156	53	74	10	—
9.	कुरुक्षेत्र	132	53	67	20	—
10.	महेन्द्रगढ़ नारनौल	193	96	37	15	17
11.	पानीपत	2	42	31	15	—
12.	रोहतक	97	74	51	42	17
13.	रिवाड़ी	56	73	19	19	2
14.	सिरसा	244	132	148	40	12
15.	सोनीपत	—	65	37	51	4
16.	यमुनानगर	131	99	70	15	—
	योग	1568	1247	953	402	131

(ग) इन रिक्त पदों को शीघ्रातिशीघ्र भरने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

राजकीय माध्यमिक विद्यालयों/उच्च/ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों है रिक्त पड़े सी0 एण्ड वी0 अध्यापकों मास्टर/ मिस्ट्रेस/स्कूल प्राध्यापकों के सीधी भर्ती के कोटे के पदों को भरने के लिए भर्ती की प्रक्रिया सम्पन्न की जा रही है और नियुक्तियां की जा रही है।

पदोन्नति कोटा के पद (मास्टर/मिस्ट्रेस के 50 प्रतिशत पद विषयानुसार, प्राध्यापकों के 75 प्रतिशत पद) भरने बारे पदोन्नति मामले परीक्षण किये जा रहे हैं और ये पद भी शीघ्र भर दिये जाएंगे।

उच्चतर शिक्षा

जिलावार महाविद्यालयों में वर्तमान में प्राध्यापकों के रिक्त पदों की संख्या निम्न अनुसार है :—

1.	अम्बाला	11
2.	गुड़गांव	36
3.	भिवानी	9
4.	हिसार	37
5.	जीन्द	27
6.	करनाल	2
7.	महेन्द्रगढ़	44
8.	रिवाड़ी	6
9.	सिरसा	21
10.	रोहतक	29
11.	फरीदाबाद	16
	कुल	238

इन पदों को शीघ्र भरने के प्रयत्न किया जायेगा।

(9-7-93)

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		12-3-1992		
132.	तारांकित प्रश्न सं0 120 पर श्री अध्यक्ष द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--"क्या मुख्य मन्त्री जी यह बताएंगे कि वे महिलाओं के लिए प्राईवेट कालेज खोलने की इजाजत देंगे ?"	अध्यक्ष महोदय, प्राईवेट कालेज चाहे लड़कों का हो चाहे लड़कियों का हो, जो भी आदमी खोलेगा उसके लिए लिए जो भी क्राईटेरिया फिक्स होगा उस के मुताबिक ग्रांट हम जरूर देंगे और सब कर देंगे।	महिलाओं के लिये अब राजकीय महाविद्यालय खोलने की अनुमति देने बारे सरकार की नीति तथा आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक केस में गुण दोष अनुसार निर्णय लिया जाएगा (9-7-93)	The Committee desired to know the name of the authority who decided to criteria and a copy of the criteria by supplied to the committee for inormation. (20-9-93)
		12-3-1992		
133.	तारांकित प्रश्न संख्या 120 के संदर्भ में श्री छत्तर सिंह चौहान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--"भिवानी जिले में केवल एक ही कालेज है और वहां विमन कालेज की नितान्त आवश्यकता है। क्या मंत्री महोदया यह बताने की कृपा करेंगे कि वहां कालेज कब तक खोला जाएगा ? भिवानी को कम से कम शिक्षा के क्षेत्र में दंड न दें। वहां कोई कालेज खोलने की व्यवस्था करें।"	सोनीपत जैसे जिले में जहां कालेज हैं ही नही और उसके साथ जिन अन्य जिलों में भी गवर्नमेंट कालेज नहीं हैं, वहां पहले कालेज खोलेंगे । जैसे मुख्य मन्त्री जी ने बताया कि हम सबसे पहले जिलों में कालेज खोलने पर विचार करेंगे उसके बाद सब डिवीजन और उसके बाद खण्ड आदि में कालेज खोलने की बात सोच सकते हैं ।	आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम दो वर्षों 1992-93, 93-94 में राजकीय कालेज खोलने हेतु बजट में राशि का प्रावधान नहीं है । केवल योजना के अन्तिम तीन वर्षों में 1994-95, 95-96 एवं 96-97 में एक-एक कालेज प्रति वर्ष खोलने का प्रावधान किया गया है । मुख्य मंत्री महोदय ने सदन के पटल पर यह आश्वासन भी दिया है कि सर्वप्रथम उन जिला मुख्यालयों पर राजकीय कालेज खोलने बारे कार्यवाही की जायेगी जिन जिला मुख्यालयों पर कोई भी राजकीय कालेज उपलब्ध नहीं है । ऐसे निम्नलिखित जिला मुख्यालय हैं :-- 1. अम्बाला 2. यमुनानगर 3. कैथल	समिति ने इस सम्बन्ध में ताजा स्थिति जानने की इच्छा व्यक्त की है । (20-9-93) 73

14-6-94

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			4. पानीपत 5. सोनीपत 6. रिवाड़ी 7. कुरुक्षेत्र वर्ष 1992–93 एवं 1993-94 में नया कालेज खोलने हेतु योजना बजट में राशि का प्रावधान न होने के बावजूद भी महिला शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए राजकीय महाविद्यालय, फरीदाबाद के वूमैन विंग को पूर्ण राजकीय महिला महाविद्यालय का दर्जा दिया गया । साथ ही राजकीय महाविद्यालय, करनाल के अपने नये भवन बन जाने के कारण से सिफ्ट होने के उपरान्त पुराने भवन में महिला विंग की स्थापना भी वर्ष 1992–993 में की गई है। (9–7–93)	
134.	तारांकित प्रश्न सं0 207 पर श्रीमती चन्द्रावती द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—"स्पीकर साहब, वहां पर (दादरी में) एक ही कालेज है और यह कालेज गवर्नमैंट का कालेज नहीं है। वहां पर एम0ए0 क्लासिज न होने से वहां के विद्यार्थियों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। क्या मंत्री महोदया बताने की कृपा करेंगी कि ऐसी हालत में दादरी के जो विद्यार्थी हैं वे कहां जाएं ? अगर वहां पर इस समय एम0ए0 की क्लासिज शुरू नहीं हो सकती तो कम से कम	23-3-1992 अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहती हूं कि रोहतक और भिवानी में पहले ही एम0ए0 क्लासिज का प्रावधान है और ये दोनों जगहें दादरी के अति निकट हैं। दूसरी बात मैं यह कहना चाहती हूं कि आने वाले वित्त वर्ष में इस पर विचार किया जा सकता है।	सरकार द्वारा अराजकीय महाविद्यालयों में नई कक्षाएं/विषय देने के लिए नई नीति बनाई गई है कि नए विषय/कक्षाएं केवल उन्हीं कालेजों को दी जाएगी जहां इन का औचित्य बनता है तथा संस्था के प्रबन्धक यह अण्डरटेकिंग दें कि वे नई कक्षा/विषय का खर्चा पहले पांच वर्षों तक स्वयं वहन करेंगे तथा इस अवधि	समिति ने इस संबंध में ताजा स्थिति जानने की इच्छा व्यक्त की है। (20–9–93)

क्रम सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	आश्वासन तो दें कि एम0ए0 की क्लासिज किस वर्ष में शुरू की जाएंगी ?"		में ऐसी व्यवस्था करेंगे कि इस कक्षा/विषय का खर्चा एगजिस्टिंग स्टाफ से पूरा हो सके । सरकार ने अपने यादि क्रमांक 14/7/93—शिक्षा (2) दिनांक 23-4-93 द्वारा इस कालेज में एम0ए0 चालू करने का मामला फाईल कर दिया है । क्योंकि इसका औचित्य नहीं पाया है । (9-7-93)	
135.	श्री करतार सिंह दलाल द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या 301—क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि पलवल शहर के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सं0 1 तथा 2 की इमारतों को असुरक्षित घोषित किया गया है; यदि ऐसा है, तो उपरोक्त विद्यालयों की इमारत की मुरम्मत करने या पुनर्निर्माण के लिए यदि कोई पग उठाएं गए या उठाए जाने प्रस्तावित हैं; तो क्या ?	13-7-1992 जी हां, इन दोनों स्कूलों के भवन असुरक्षित स्थिति में हैं । इन भवनों के पुनः निर्माण कराने का प्रस्ताव विचाराधीन है । on 21.11.94		75
136.	वर्ष 1986-87 के लिए अनुदानों तथा विनियोजनों से अधिक मांगों पर हुई चर्चा के उत्तर में साथी लहरी सिंह द्वारा पूछा गया प्रश्न—"इसमें स्टूडेंटस की लाइफ और राष्ट्र निर्माण का सवाल है इस लिए मैं जानना चाहता हूं कि जो पोस्टें नई सैंक्शन की गई हैं उनके अगेन्स्ट अप्वाईन्टमैंट कब तक कर दी जाएगी ।"	22-12-1992 हम जल्द ही करने की कोशिश करेंगे ।	14-6-94	76
137.	वर्ष 1986-87 के लिए अनुदानों तथा विनियोजनों से अधिक मांगों	22-12-1992 * * * * * * * * * *		77

क्र0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	पर हुई चर्चा के उत्तर में श्री अध्यक्ष द्वारा की गई टिप्पणी—"आपने कालेजिज की सारी बातों का जवाब तो नहीं दिया। जो लेडी टीचर मैटरनिटी लीव पर चली जाती है और उसकी जगह पर जो दूसरी टीचर लगाई जाती है, उसको तनख्वाह क्यों नहीं देते। जब पहले तीन महीने मैटरनिटी लीव होती थी उस वक्त आप उनको पे डिस्बर्स करते थे। अब आपने जो तीन महीने की मैटरनिटी लीव बढ़ा कर 6 महीने की है, वह भी जायज नहीं की है।"	* * * 6 महीने की मैटरनिटी लीव के कारण स्कूलों में और कालेजों में पढ़ाई का जो नुकसान हो रहा है, वह भी सरकार के विचाराधीन है उसका भी कोई न कोई हल जरूर निकाला जाएगा। * * * * * * * * * * * * अध्यक्ष महोदय, जो तीन महीने की मैटरनिटी लीव बढ़ा कर 6 महीने की है, उसको पूरा करने के लिए मामला विचाराधीन है और उसको कम्पनसेट करना चाहते हैं, अभी मामला विचाराधीन है। अध्यक्ष महोदय, यह मामला एजूकेशन डिपार्टमेंट के विचाराधीन है। इस बारे में अभी तक कोई फाईनल डिसीजन नहीं लिया गया है। जब इस बारे में कोई फाईनल डिसीजन हो जाएगा तो बता देंगे।		

OUTSTANDING ASSURANCES

Relating to the

HEALTH DEPARTMENT

Note :—In case an assurance shown outstanding against a particular Department does not relate to it, the same may be transferred to the Department concerned under intimation to the Haryana Vidhan Sabha Secretariat.

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	3	3	4	4
		25 मार्च, 1988		
138.	श्री मोहिन्द्र सिंह दहिया द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 162 का भाग (क)--जिला सोनीपत के रोहट निर्वाचन क्षेत्र के यदि किन्हीं गांव में नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने प्रस्तावित हैं तो उनके नाम क्या हैं ?	(क) रोहट विधान सभा क्षेत्र में एक गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का प्रस्ताव है।	ग्राम रोहट, जिला सोनीपत में सरकार के पत्र क्रमांक 20/88/89 5 एच बी-III, दिनांक 2.3.1990 द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य-केन्द्र स्थापित करने हेतु स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। (4-11-91)	समिति यह जानना चाहती है कि यह स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, उसके पश्चात जो कार्यवाही की गई है। उनके बारे में समिति को बताया जाए। (16-11-91)
		11-3-91		
189.	तारांकित प्रश्न संख्या 1428 पर श्री भगवान सहाय रावत द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--"औरंगाबाद का कम्युनिटी हैल्थ सैंटर कब स्थापित हुआ था और इसको अपग्रेड करने का मामला कब से विचाराधीन है ? दूसरा मेरा सवाल यह है कि नांगल जाट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कब खोला गया था और इसकी ईमारत कब तक बनकर तैयार हो जाएगी ?"	भारत सरकार द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति अनुसार प्रत्येक 4 प्राथमिक स्वास्थ्य (केन्द्रों) के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जिसमें 30 बिस्तर तथा शैल्य चिकित्सा, फिजिशियन, स्त्री रोग, बाल रोग, एवं दन्त चिकित्सा विशेषज्ञ होंगे, स्थापित किए जाएंगे। मैं माननीय सदस्य की जानकारी के लिए यह बताना चाहूंगा कि इन 4 पी0ए0 सीज0 में से होडल को पहले ही अपग्रेड किया जा चुका है।		
		11-3-91		
140.	तारांकित प्रश्न संख्या 1428 पर श्री बनारसी दास गुप्ता द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न--"मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि * * * * * * * * * क्या कारण है कि ये इनके पूछे हुए सवाल का जवाब नहीं दे रहे हैं। इस	रावत साहब प्राईमरी हैल्थ सैन्टर की अपग्रेडेशन के बारे में बात कर रहे है। अध्यक्ष महोदय, जब तक हरियाणा में 41 सी0एस0 सीज0 चल रही है और इस साल 17 और सी0एच0 सी0 को अपग्रेड किया जाना विचाराधीन है।	हरियाणा राज्य में 17 अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। (1-5-92)	The Committee would like to know the lastest position in this regard. (30-6-92)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	प्राइमरी हैल्थ सैन्टर (प्राइमरी हैल्थ सैन्टर, नांगल जाट को सी0एच0सी0 की अपग्रेडेशन क्यों नहीं हो रही। सरकार की-कौन-सी नीति है जिसके अन्दर यह कवर नहीं होता, क्या ये इनको बताने की कृपा करेंगे ?"			
141.	तारांकित प्रश्न संख्या 1359 के संदर्भ में श्री उदयमान द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न—स्पीकर साहब, मंत्री महोदय ने बताया है कि डबवाली में हस्पताल बनाए जाने के लिए हुड्डा को जमीन की पेमैंट करनी है और उसके बाद वह जमीन हैल्थ विभाग को ट्रांस्फर हो जाएगी। मैं मन्त्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि यह जमीन लेने के लिए हुड्डा को कब तक पेमैंट कर देंगे ?	15-3-19 यह पेमैंट जल्दी ही कर दी जाएगी।	इस कार्यालय ने स्वीकृति की प्रति प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, हरियाणा भवन तथा सड़क शाखा चण्डीगढ़ को भेजते हुए अनुरोध किया है कि यह अदायगी सम्पदा अधिकारी हुड्डा हिसार को तुरन्त कर दें यथा इस कार्यालय को सूचित करें। अभी तक इस बारे में कोई सूचना प्राप्त न होने के कारण प्रमुख अभियन्ता, हरियाणा लोक निर्माण विभाग, भवन तथा सड़क, शाखा, चण्डीगढ़ को स्मरण-पत्र दिया गया है। (1-5-92)	The Committee would like to know the latest position in this regard. (30-6-92)
142.	तारांकित प्रश्न संख्या 151 के संदर्भ में श्री अमर सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :— "स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से हैल्थ मिनिस्टर महोदया से जानना चाहता हूं कि प्राईमरी हैल्थ सैन्टर को अपग्रेड करने का सरकार का क्या क्राईटेरिया है ?"	10-3-1992 * * * इनको सी0एच0सी0 अपग्रेड करने का प्रस्ताव हैं और अब तक 41 अपग्रेड कर चुके हैं। स्पीकर साहब, हर साल आठ सी0एच0सी0 अपग्रेड करने का सरकार का विचार है।	राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति अनुसार चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एक, को जो माध्यम में स्थित हो को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड किया जाता है। राज्य में अब तक 59 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को	(कमेटी ने जानना चाहा है कि 1991-92, 1992-93 एवं 1993-94 में कितने प्राइमरी हैल्थ सैन्टर अपग्रेड किए गए हैं, अलग-अलग

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		10-5-92		
143.	संदर्भ में प्रो0 सम्पत सिंह द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न :— "* * * क्या मंत्री महोदय, बताने की कृपा करेंगे कि पी0 एच0 सी0 के साथ साथ वहां (बडखालसा) पर कोई पशु अस्पताल भी बनेगा ? दूसरी बात यह है कि कई प्राइमरी हैल्थ सैंटर या सब सैंटर (हैल्थ) काफी सालों से चल रहे हैं और वे किराए की बिल्डिंग में चल रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या ऐसी जगहों पर प्रायरिटी देकर बिल्डिंग्ज बनाने का विचार किया जाएगा ?	* * * इस बारे में हमारे पास पूरी इंफर्मेशन है। बहुत सारी जगहों पर हम नई बिल्डिंग्ज बनाने जा रहे हैं जिन पर काम चालू है। * * * * * * धन की अवेलिबिलिटी को देखते हुए कि जहां जहां सबसे पहले जरूरत है वहां वहां पर नई बिल्डिंग बनाई जाएंगी और पुरानी जो अनसेफ बिल्डिंग्ज हैं उनकी मुरम्मत करवाई जाएगी।	स्वास्थ्य विभाग विधान सभा को दिए गए आश्वासन अनुसार ही चिकित्सा संस्थाओं का निर्माण कार्य तथा अनसेफ बिल्डिगज की मुरम्मत आदि का कार्य धन उपलब्धी अनुसार करवाता है। (8-11-93)	(कमेटी इस बारे में लेटेस्ट प्रोजीशन जानना चाहती है) (30-11-93)
		13-3-1992		
144.	राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के उत्तर में।	हमारी कोशिश होगी कि जहां डाक्टरों की कमी है वहां हम डाक्टर भेजेंगे और जहां अस्पतालों की हालत ठीक नहीं होगी वहां हम अस्पताल भी ठीक करेंगे। **** जहां दवाई नहीं है वहां हम दवाई भी भिजवाएंगे।	13-3-92 को स्वास्थ्य विभाग में डाक्टरों के रिक्त पदों की संख्या 335 थी। तदर्थ नियुक्ति पर सरकार का प्रतिबन्ध है। डाक्टरों के रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार से विशेष छूट प्राप्त की गई जो कि जुलाई में प्राप्त हुई और 12-6-92 को 245 तदर्थ डाक्टरों की नियुक्ति की गई जिनमें से 103 डाक्टरों ने ज्वाईन किया। इनमें से 10 डाक्टरों ने त्याग पत्र दे दिया। इसके बाद 30 डाक्टरों को 9/92 से तदर्थ आधार पर नियुक्त किया तथा 58 डाक्टरों	कमेटी इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है (30-11-93)

10-10-94

क्र0 सं0	संदर्भ	दिनांक/आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
			आधार पर नई नियुक्ति की गई है। एच0सी0एम0एस0-II डाक्टरों के 411 पद रिक्त थे जिनके विरुद्ध 130 की नियुक्ति की गई है। अभी हरियाणा लोक सेवा आयोग ने 200 पदों को नियमित आधार पर भर्ती के लिए विज्ञापित किया है। इस प्रकार डाक्टरों के रिक्त पदों को भरने के लिए हर सम्भव प्रयत्न किए जा रहे हैं। जिन-जिन चिकित्सा संस्थाओं के भवनों की हालत ठीक न होने की सूचना फील्ड से प्राप्त होती है कि आवश्यक मरम्मत धन उपलब्धी अनुसार करवा दी जाती है। सप्लाई आदेश क्रमांक 12/36-1एम.एस.डी.-92/2634-53 दिनांक 26-3-1992 द्वारा 67,04,966-37 पैसे की दवाईयां सभी सिविल सर्जनों तथा प्रधान चिकित्सा अधिकारियों को सप्लाई करने के आदेश दे दिए गए थे। जिनको फर्मों ने सप्लाई दे दी थी। (8-11-93)	

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	3	3	4	5
		16-3-1992		
145.	बजट भाषण	* * * * * * * डाक्टरों तथा पैरा मैडीकल स्टाफ के प्रशिक्षण के उद्देश्य से पंचकूला में एक राज्य स्तर का स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण संस्थान खोलने का प्रस्ताव है। वर्ष 1992-93 में केवल इसी परिवार योजना के लिए 12 करोड़ 54 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है। * * * *	डाक्टरों तथा पैरा मैडीकल स्टाफ के प्रशिक्षण के लिए पहले ही एस0सी0ओ0 नं0 28 सैक्टर-11, पंचकूला में 4-12-1991 से एक राज्य स्तर का स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया हुआ है। इस परियोजना के लिए वर्ष 1992-93 में 12 करोड़ 54 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है। (8-11-93)	(कमेटी जानना चाहती है कि 12 करोड़ 54 लाख रुपए में से अब तक कितने खर्च हुए हैं।) (30-11-93)
		17-3-1992		
146.	श्री जय सिंह द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न सं0 228 का भाग (क) तथा (ख) :- (क) क्या प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तरावड़ी की इमारत के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा (ख) यदि ऐसा है, तो पूर्वोक्त इमारत का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?	(क) हां (ख) इस स्तर पर समय सीमा नहीं दी जा सकती।	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तरावड़ी के लिए अतिरिक्त भवन का निर्माण पहले ही हो चुका है। तीन रिहायशी भवनों का निर्माण अभी नहीं हो पाया है जिसके लिए लोक निर्माण विभाग, भवन तथा सड़क शाखा को बार-बार लिखे जाने पर उन्होंने बताया है कि यह कार्य धन की कमी के कारण नहीं हो सका है। यह कार्य वर्ष 1993-94 में किये जाने हेतु लोक निर्माण विभाग को प्री-प्लानिंग मीटिंग में अनुरोध किया गया है। (8-11-93)	(कमेटी इस बारे में लेटैस्ट पोजीशन जानना चाहती है) (30-11-93)

क0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
		23-3-1992		
147.	तारांकित प्रश्न संख्या 165 पर श्री पीर चन्द द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी का और मंत्री महोदया का इसके लिए धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने रतिया हस्पताल का दर्जा बढ़ाकर 30 बिस्तरों का हस्पताल बनाने के बारे में हां कर दी है। लेकिन इसके साथ साथ इन्होंने जवाब में यह लिख दिया है कि उसका दर्जा निकट भविष्य में बढ़ाएंगे। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से यह जानना चाहूंगा कि इस निकट भविष्य शब्द को हटा कर क्या उस हस्पताल को 1991-92 में 30 बिस्तरों का बनाकर तैयार कर देंगे ?"	स्पीकर साहब, हम बहुत जल्दी ही 17 नए कम्युनिटी हैल्थ सेंटर बनाते जा रहे हैं जिसमें रतिया भी शामिल है और जब फाइनेंस डिपार्टमेंट से इनका अनुमोदन हो जाएगा हम उनको बनाने का काम चालू कर देंगे। * * * * * रतिया हस्पताल में माननीय सदस्य के लिए डेंटल सर्जन की पोस्ट का प्रावधान भी हम करेंगे। * *	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रतिया को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपग्रेड कर दिया गया है। इस इस संस्था के नव भवन निर्माण हेतु न तो कार्यरत संस्था के साथ लगती है तथा न ही अन्य स्थान पर भूमि उपलब्ध हो सकी है। अतः यह निर्णय लिया गया है कि नव भवन का निर्माण वर्तमान भूमि जिसका क्षेत्रफल 14 कनाल 9 मरले है, वरटीकल भवन का निर्माण किया जाए। (8-11-93)	(कमेटी इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है। (8-12-93)
		24-3-1992		
148.	तारांकित प्रश्न संख्या 236 के संदर्भ में श्री कर्ण सिंह दलाल द्वारा पूछा गया अनुपूरक प्रश्न— "अध्यक्ष महोदय, उन्होंने कहा है कि पी0 एच0 सी0 के जितने भी भवन हैं वे पूरे बने हुए हैं तो मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहता हूं कि क्या इन पी0 एच0 सी0 के भवनों के निर्माण में इनकी चार दीवारी भी शामिल है ? अगर इन भवनों में चार दीवारी भी शामिल है तो दघोल गांव में जो पी0 एच0 सी0 है उसकी चार दीवारी नहीं बनी हुई है जिसके कारण उसके अन्दर पशु वगैरह आ जाते हैं। तो क्या मंत्री जी उस चार दीवारी	अध्यक्ष महोदय, मैं विवरण से बता देता हूं। चूंकि स्वास्थ्य भी इन्सान के लिए बहुत जरूरी है इसलिए जहां पर भी पी0 एच0 सी0 बनी हुई है, वहां पर अच्छे डाक्टर्ज, अच्छा स्टाफ और अच्छी बिल्डिंग होनी चाहिए। इन सब के लिए हमने अगले बजट में पैसा रखा है और जहां भी पी0 एच0 सी0 है, जिसकी बिल्डिंग खस्ता हालत में हो गई है या वहां पर चार दीवारी नहीं है तो इनको हम ज्यादा ध्यान दे कर अगले साल में बनवाएंगे।	प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दुघोला के भवन की चार दीवारी के निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति अक्तूबर, 90 में जारी की गई थी तथा 2.71 लाख रुपए की धन राशि अधीक्षक अभियन्ता, गुड़गांव की डिस्पोजल पर रखी गई थी। परन्तु जनवरी, 1992 में अधीक्षक अभियन्ता, गुड़गांव ने 4,37,300/- रुपए के रिवाईज्ड एस्टीमेंट भेजे हैं। इन अनुमानों की मूल प्रति	(कमेटी इस बारे में लेटेस्ट पोजीशन जानना चाहती है)। (30-11-93)

क्र0 सं0	संदर्भ	आश्वासन	सरकार द्वारा की गई कार्यवाही	टिप्पणी
1	2	3	4	5
	को भी पूरा करवाने की कृपा करेंगे ?"		मांगी गई है तथा चार दीवारी का कार्य लगभग एक वर्ष तीन मास तक शुरू न करने के कारण पूछे गए हैं। यह सूचना प्राप्त होते ही संशोधित स्वीकृति जारी की जाएगी। (8-11-93)	
